रोहतक

शनिवार 25 अप्रैल 2026

वैशाख मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 30, अंक : 80

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 44.6
न्यून. 22.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




7 प्रफुल्ल व वैभव फिर आमने-सामने, जरूरी अंक हासिल करने भिड़ेंगे राजस्थान-हैदराबाद

# हम आप के हैं कौन?

## आम आदमी पार्टी में बड़ी टूट, राघव समेत 7 सांसदों का इस्तीफा




भाषा ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) को शुक्रवार को तब बड़ा झटका लगा जब राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल सहित इसके सात राज्यसभा सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी। चड्ढा ने पाठक और मित्तल के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्यों में से दो-तिहाई ने पार्टी छोड़ दी है और वे एक गुट के रूप में भाजपा में शामिल होंगे। चड्ढा ने कहा कि पार्टी सांसद हरभजन सिंह और स्वाति मालीवाल भी आप छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''आप, जिसे मैंने अपने खून-पसीने से सींचा और जिसे मैंने अपनी जवानी के 15 साल दिए, वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल नैतिक मूल्यों से पूरी तरह भटक गई है।'' हाल ही में चड्ढा को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह मित्तल को नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा, ''राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 10 सदस्य हैं। इनमें से दो-तिहाई से अधिक सांसद इस पहल में हमारे साथ हैं।'' चड्ढा ने कहा, ''उन्होंने पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं, और आज सुबह हमने राज्यसभा के सभापति को हस्ताक्षरित पत्रों एवं अन्य औपचारिक दस्तावेज सहित सभी आवश्यक कागजात सौंप दिए हैं।''

» **राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने भाजपा ज्वाइन की**

» **भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता दिलवाई**



> आप को मैंने अपने खून और पसीने से सींचा और अपनी जवानी के 15 साल दिए, वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल नैतिकता से भटक गई है। अब यह पार्टी देशहित में नहीं, अपने निजी फायदे के लिए काम करती है।
>
> – राघव चड्ढा, राज्यसभा सांसद

### राघव ने आप पर साधा निशाना

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए चड्ढा ने कहा कि पार्टी अब देश के लिए नहीं, बल्कि अपने ही फायदे के लिए काम कर रही है। चड्ढा ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में, मुझे यह महसूस होने लगा है कि मैं गलत पार्टी में सही व्यक्ति हूं। आज, मैं आप से अलग होने और जनता के साथ अधिक निकटता से काम करने के अपने निर्णय की घोषणा करता हूं।'' इस दौरान राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होगी, लेकिन ऐसा हो गया है। पाठक ने कहा, ''मैं दस साल तक इस पार्टी से जुड़ा रहा। और आज मैं आम आदमी पार्टी से अलग हो रहा हूं। पंद्रह अप्रैल को, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फेमा जांच के तहत पंजाब में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल से जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की थी।

**राघव चड्ढा**
2020 में दिल्ली से आप विधायक बने। 2022 में पंजाब से राज्यसभा सांसद, 2026 में राज्यसभा में पार्टी के उपनेता के पद से हटाया गया।



**संदीप पाठक**
अप्रैल 2022 से राज्यसभा सदस्य, दिल्ली आईआईटी में सहायक प्रोफेसर रहे। गुजरात प्रभारी, पंजाब-हिमाचल में सहप्रभारी रह चुके।



**विक्रमजीत**
जुलाई 2022 से राज्यसभा सांसद, इंटरप्रेन्योर, सोशल वर्कर, 2008 में पद्मश्री पुरस्कार मिल चुका। पार्टी में कोई विशेष पद नहीं।



**अशोक मित्तल**
अप्रैल 2022 से सांसद लवली प्रोफेशनल विवि के संस्थापक, 2022 में आप ज्वाइन की, राज्यसभा में उपनेता के पद पर रहे।



**हरभजन सिंह**
पूर्व भारतीय क्रिकेटर, 2022 में आप ज्वाइन की जुलाई 2022 से पंजाब से राज्यसभा सांसद। अभी तक पार्टी में कोई विशेष पद नहीं मिला।



**स्वाति मालीवाल**
जनवरी 2024 से सांसद 2012 में आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। 2015 से 2024 तक दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकीं।



**राजिंदर गुप्ता**
नवंबर 2025 से पंजाब से सांसद, 2025 में पार्टी ज्वाइन की थी। कोई विशेष पद इनके पास नहीं। ट्राइडेंट ग्रुप के संस्थापक हैं।

### भाजपा ने पंजाब संग धोखा किया : केजरी

आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सदस्यों के पार्टी छोड़ने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय संयोजक



अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा ने एक बार फिर पंजाब की जनता के साथ धोखा किया है। केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भाजपा ने एक बार फिर पंजाबियों के साथ धोखा किया है।'' इससे पहले दिन में, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा और संदीप पाठक ने शुक्रवार को एलान किया कि वे और पार्टी के पांच अन्य राज्यसभा सदस्य भाजपा में शामिल हो रहे हैं। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा के 10 में से सात सदस्यों का भाजपा में विलय होने वाला है।

### आप छोड़ने वाले पार्टी सांसद 'गद्दार' : मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी छोड़ केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता



पार्टी (भाजपा) में शामिल होने वाले सांसदों को 'गद्दार' करार दिया। मान ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा, आम आदमी पार्टी को तोड़ने की कोशिश कर रही है और उसने ''पंजाब की जनता के साथ विश्वासघात किया है''। उन्होंने कहा कि जब भाजपा को मान के खिलाफ कुछ नहीं मिला, तो उसने आप को तोड़ने की कोशिश की।पंजाब के मुख्यमंत्री करीब एक सप्ताह की नीदरलैंड और फिनलैंड की यात्रा कर शुक्रवार को स्वदेश लौटे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

# सात माह की नाबालिग को गर्भपात की इजाजत

- बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता
- भले ही बच्चे को जन्म के बाद गोद देने का ऑप्शन मौजूद हो
- कोर्ट वहीं करेगा जो महिला के हित में बेहतर होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सात महीने से ज्यादा की गर्भवती 15 साल की लड़की को मेडिकल टर्मिनेशन (अबॉर्शन) की



इजाजत दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना बेंच ने कहा- यह जन्म लेने वाले बच्चे का सवाल नहीं है। जरूरी यह है कि लड़की क्या चाहती है। अगर वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। भले ही बच्चे को जन्म के बाद गोद देने का ऑप्शन मौजूद हो। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि इस स्टेज पर अबॉर्शन करना मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने डिलीवरी के बाद बच्चा गोद देने का सुझाव दिया था। कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। लड़की एक नाबालिग लड़के के साथ आपसी सहमति से संबंध के बाद गर्भवती हुई थी। नाबालिग की मां ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में तय समयसीमा से आगे जाकर बेटी के अबॉर्शन की इजाजत मांगी थी। लड़की ने भी कहा था कि वह प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती।

### वकील ने बताया- प्रेग्नेंसी से तनाव में नाबालिग

याचिकाकर्ता की ओर से वकील ने कहा गया कि इस प्रेग्नेंसी ने नाबालिग को गंभीर मानसिक तनाव दिया है और उसकी पढ़ाई पर भी असर पड़ा है। कोर्ट को बताया गया कि नाबालिग में पहले से ही गंभीर मानसिक तनाव के संकेत दिख रहे हैं। वह आत्महत्या की कोशिश भी कर चुकी है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा था कि बच्चे को सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी के जरिए गोद दिलाने की व्यवस्था की जा सकती है, जिससे लड़की और उसके परिवार की पहचान सुरक्षित रहे। उन्होंने नाबालिग को आर्थिक मदद की पेशकश भी की। हालांकि जस्टिस नागरत्ना ने इस तर्क पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कोर्ट महिलाओं को अबॉर्शन के बजाय उनके लिए आर्थिक मदद या गोद लेने जैसे विकल्पों पर निर्भर रहने के लिए मजबूर नहीं कर सकती।

## खबर संक्षेप

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस रद्द

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया। इस कदम से 24 अप्रैल से बैंक के तौर पर उसका कामकाज बंद हो जाएगा। आरबीआई ने अपने आदेश में कहा, 'यह 24 अप्रैल, 2026 को कारोबार बंद होने के समय से प्रभावी होगा। इसका मतलब है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक अब कानून के तहत परिभाषित कोई भी 'बैंकिंग' गतिविधि या उससे जुड़ा कोई अन्य कारोबार तत्काल प्रभाव से नहीं कर सकता है। *एजेंसी*

### कांस्टेबल भर्ती को लेकर नया शेड्यूल जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने कांस्टेबल (जीडी) और पुरुष कांस्टेबल (जीआरपी) भर्ती के लिए फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट का नया शेड्यूल जारी कर दिया है। यह शेड्यूल 17 अप्रैल 2026 के नोटिस के क्रम में अगले तीन दिनों (27, 28 और 29 अप्रैल 2026) के लिए जारी किया गया है। अब हर रोज 1000 कंडिडेट का फिजिकल होगा। आयोग द्वारा जारी सूची के अनुसार अभ्यर्थियों को चार-चार बैच में बुलाया जाएगा। *ब्यूरो*

### सीईसी को हटाने के लिए फिर राज्यसभा में नोटिस

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष ने शुक्रवार को राज्यसभा में नोटिस दिया। इस पर 73 सांसदों के दस्तखत हैं। इससे पहले मार्च में विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में नोटिस दिया था। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन नोटिसों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उन्हें हटाने के लिए आवश्यक उच्च संवैधानिक मानदंडों को पूरा नहीं करते। *एजेंसी*

## आईडीएफसी व एयू स्मॉल बैंक घोटाला

# वित्तीय अनियमितताओं में संलिप्त भुवानी बर्खास्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़




**आपराधिक साजिश और ठोस साक्ष्यों के आधार पर लिया गया फैसला**

हरियाणा सरकार ने बड़े वित्तीय मामले पर सख्त कार्रवाई करते हुए विकास एवं पंचायत विभाग के अधीक्षक नरेश भुवानी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। ये कार्रवाई आपराधिक साजिश की विस्तृत जांच के बाद संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (बी) के प्रावधानों के तहत की गई है। यह निर्णय सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लिया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि निदेशक, विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा फरवरी 2026 में गठित एक जांच समिति ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में संचालित खातों में गड़बड़ियों और अनियमितताओं का खुलासा किया था। जांच में उजागर हुआ कि नरेश भुवानी ने निजी व्यक्तियों और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर एक फर्जी फर्म बनाई, जिसका उपयोग सरकारी धन की हेराफेरी के लिए किया गया। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, नरेश भुवानी को अलग-अलग तिथियों में कुल लगभग 6.45 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई।

### मुख्य लेखा अधिकारी रणधीर बर्खास्त

हरियाणा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस नीति अपनाते हुए वित्तीय घोटाले के मामले में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला के मुख्य लेखा अधिकारी रणधीर सिंह को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा एक मामले में रणधीर सिंह को 14 मार्च, 2026 को गिरफ्तार किया गया था। जांच में सरकारी धन के दुरुपयोग, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। यह मामला एक सुनियोजित और बहु-स्तरीय वित्तीय घोटाले से जुड़ा हुआ है।

## 40 से 99% दिव्यांगजनों को रोडवेज में मुफ्त यात्रा सुविधा

- प्रदेश सरकार ने जारी की अधिसूचना

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने दिव्यांगजनों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 40 प्रतिशत से 99 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा देने का निर्णय लिया है। इस फैसले से प्रदेश के लगभग 1.22 लाख दिव्यांगजन लाभान्वित होंगे। इस संबंध में वित्त विभाग से परामर्श के उपरांत राज्य परिवहन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। राज्य परिवहन विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य परिवहन प्रदेश में लगभग 40 श्रेणियों के यात्रियों को मुफ्त एवं रियायती यात्रा सुविधाएं प्रदान कर रहा है। वर्ष 2007 में 100 प्रतिशत दिव्यांगजनों को एक सहायक सहित मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान की गई थी, जिसे वर्ष 2010 में चंडीगढ़ और दिल्ली तक विस्तारित किया गया।

# जंग : पटरी पर लौटने लगी वार्ता

**इस्लामाबाद/वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग रोकने के लिए वार्ता के पटरी पर लौटने की उम्मीद बन रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस्लामाबाद के दौरे पर रवाना हो गए हैं। वे वहां पहुंचकर पाकिस्तानी अधिकारियों से बातचीत करेंगे। यह बैठक अमेरिका और ईरान के बीच संभावित वार्ता की तैयारी के तौर पर देखी जा रही है। वहीं, अमेरिका से ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर भी पाकिस्तान पहुंच रहे हैं। जल्द ही दोनों पक्षों के बीच वार्ता होने की संभावना है। इससे पहले अराघची ने दोपहर पाकिस्तान के



सेना प्रमुख असीम मुनीर और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार से अलग-अलग बातचीत की। इसमें अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर बनाए रखने पर चर्चा हुई। पाकिस्तान इस पूरे मामले में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। *(पेज 8 भी देखें)*

### होर्मुज में सैकड़ों जहाज फंसे

होर्मुज स्ट्रेट में सैकड़ों जहाज फंसे हुए हैं और ईरान की मंजूरी के बिना आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस अहम समुद्री रास्ते पर जहाजों को गुजरने के लिए ईरान की नेवी की इजाजत लेनी पड़ रही है। बड़ी संख्या में जहाज अनुमति का इंतजार कर रहे हैं और बिना इजाजत कोई भी आगे नहीं बढ़ पा रहा है। तसनीम न्यूज एजेंसी ने दावा किया है कि आधुनिक इतिहास में पहली बार इस स्ट्रेट पर पूरा नियंत्रण ईरान की नेवी के हाथ में है।

## एनसीआर में बनेंगे 23 नए वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र

**प्रदूषण से निपटने के लिए नायब सरकार का प्लान**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार द्वारा एनसीआर में वायु गुणवत्ता की सटीक निगरानी के लिए 23 नए सीएएक्यूएमएस स्थापित किए जाएंगे। साथ ही, राज्य में संचालित कैब एवं राइड-शेयरिंग सेवाओं को विनियमित करने के लिए शीघ्र ही एग्रीगेटर पॉलिसी लाई जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और वायु गुणवत्ता प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न पहलों की व्यापक समीक्षा की। उच्च स्तरीय बैठक में प्रदूषण में 30-35 प्रतिशत तक कमी लाने के लक्ष्य पर विशेष जोर दिया गया। एनसीआर के प्रमुख जिलों में डीजल ऑटो लगभग पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं तथा शेष क्षेत्रों में 31 दिसंबर, 2026 तक इन्हें चरणबद्ध तरीके से बंद कर दिया जाएगा।

## भीषण गर्मी ने झुलसाया, प्रदेश में पारा 44 डिग्री के पार पहुंचा

**जन जीवन अस्त व्यस्त, गर्मी का येलो अलर्ट, 26 से राहत**

**हरिभूमि टीम (हरियाणा)।** प्रदेश में गर्मी अपना कहर बरपा रही है। पारा 44 डिग्री पार हो चुका है। शुक्रवार को रोहतक में सबसे अधिक 44.6 डिग्री तापमान रहा। वहीं, करनाल में सबसे कम 22.2 डिग्री पारा दर्ज किया गया। भीषण गर्मी से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। हालात यह हैं कि दिन में लू झुलसा रही है, तो रातें भी अब राहत नहीं दे रही हैं। 9 शहरों में 'वार्म नाइट' जैसे हालात है। भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार एक्टिव हो गई है, सभी जिलों में एडवाइजरी जारी कर दोपहर 12 से 4 बजे तक घरों में ही रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, राज्य का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री ज्यादा पहुंच गया है। प्रदेश के बड़े हिस्से में गर्मी का 'यलो अलर्ट' जारी किया है।

## 1.5 लाख किसानों को मिलेगा 370.52 करोड़ का मुआवजा

**मुख्यमंत्री नायब सैनी ने खरीफ 2025 के लिए किया ऐलान**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खरीफ 2025 फसल मुआवजा योजना के तहत 370.52 करोड़ रुपये जारी करने की मंजूरी भी दी है। मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत इस निर्णय से राज्यभर के 1.5 लाख से अधिक किसानों के खातों में सीधे राशि स्थानांतरित की जाएगी। यह स्वीकृत राशि उन दावों से संबंधित है, जो तकनीकी जांच के कारण पहले लंबित रखे गए थे, जिनमें डुप्लीकेट या समान फोटोग्राफिक साक्ष्य वाले मामले भी शामिल थे। मुआवजा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से जारी किया जा रहा है, जो 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' प्रणाली से एकीकृत एक पारदर्शी और किसान-अनुकूल डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

## प्रस्ताव भेजा, अहमदाबाद होगा मुख्य सेंटर, ओसीए की टीम जल्द करेगी दौरा

### साउथ कोरिया और मंगोलिया ने भी दिखाई रुचि

# ओलंपिक-कॉमनवेल्थ के बाद अब भारत ने ठोका 2038 एशियन गेम्स पर दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2036 ओलंपिक की मजबूत दावेदारी और 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी हासिल करने के बाद अब भारत ने 2038 के एशियन गेम्स पर दावा ठोक दिया हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने आधिकारिक तौर पर इसके लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। चीन के सान्या में ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) की एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक हुई। इसमें भारत के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बोर्ड ने फैसला लिया है कि भारत की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जल्द ही एक इवैल्यूएशन टीम देश का दौरा करेगी। 2038 के स्लॉट के लिए भारत के अलावा साउथ कोरिया और मंगोलिया ने भी अपनी रुचि दिखाई है।

### आधुनिक स्टेडियम तैयार किए जा रहे

2036 ओलिंपिक और 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की तरह 2038 एशियन गेम्स का केंद्र भी अहमदाबाद ही रहेगा। गुजरात सरकार ने इसके लिए बड़े स्तर पर स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण शुरू कर दिया है। सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव, नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास 355 एकड़ में फैला यह इलाका मुख्य केंद्र होगा। यहां एक्वेटिक्स, टेनिस सेंटर और इंडोर एरेना बनाए जा रहे हैं। वहीं, कराई स्पोर्ट्स हब के लिए गांधीनगर में 143 एकड़ में एथलेटिक्स स्टेडियम, शूटिंग कॉम्प्लेक्स और अन्य वेन्यू तैयार किए जा रहे हैं।



### 56 साल बाद भारत में वापसी की कोशिश

भारत ने 1951 में पहले एशियन गेम्स की मेजबानी की थी। इसके बाद आखिरी बार 1982 में ये खेल भारत में हुए थे। दोनों ही बार मेजबानी दिल्ली ने की थी। अगर भारत 2038 की बिड जीतता है, तो यह 56 साल बाद देश में एशियन गेम्स की वापसी होगी।

### कम लागत में होगा बड़ा आयोजन

भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का मानना है कि 2038 एशियन गेम्स की मेजबानी भारत के लिए 'लॉजिकल स्टेप' है। 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलंपिक के लिए अहमदाबाद में इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से ही तैयार होगा, ऐसे में एशियन गेम्स के आयोजन की लागत काफी कम हो जाएगी। यदि भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी मिलती है, तो एशियन गेम्स के लिए वही वेन्यू इस्तेमाल हो सकेंगे।




## खबर संक्षेप

### महिलाएं नेतृत्व वाले विकास की दिशा में अग्रसर : घोष

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने कहा कि नारी शक्ति की अपार क्षमता को पहचानते हुए भारत अब धीरे-धीरे महिला सशक्तिकरण से आगे बढ़कर महिला-नेतृत्व वाले विकास की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हरियाणा जैसे राज्यों में महिलाओं द्वारा संचालित स्टार्टअप्स में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है, जो महिलाओं में नेतृत्व क्षमता और उद्यमशीलता की बढ़ती भावना का प्रमाण है। राज्यपाल चंडीगढ़ स्थित मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन (एमसीएम डीएवी कॉलेज) के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### अभेद्य एप के लिए लैंडलाइन सेवा शुरू

**चंडीगढ़।** अभेद्य एप के माध्यम से त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए हेल्पलाइन सुविधा शुरू की गई है। किसी भी समस्या और जानकारी के लिए उपयोगकर्ता सीधे लैंडलाइन नंबर 01722-930112 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, अधिक सुविधाजनक और त्वरित संचार के लिए 24x7 व्हाट्सएैप सपोर्ट/कालिंग भी उपलब्ध है, जिसका नंबर +91 9056555492 है। डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि अभेद्य एप के साथ हेल्पलाइन सुविधा जोड़ना पुलिस की प्रोएक्टिव और रेस्पॉन्सिव पुलिसिंग का सशक्त उदाहरण है।

### विधानसभा सत्र 27 को, पत्र जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का अधिवेशन सोमवार को 11 बजे विधान भवन, सेक्टर-1, चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा हॉल में आहूत किया है। इस संबंध में हरियाणा विधानसभा सचिवालय द्वारा पत्र जारी किया गया है।

### आप की नीतियां फेल पार्टी छोड़ रहे नेता

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश्वर शर्मा का कहना है कि देश की राजनीति में आज एक बड़ा और निर्णायक बदलाव सामने आया है। आम आदमी पार्टी के कई राज्यसभा सांसदों राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालिवाल, राजेंद्र गुप्ता एवं विक्रम साहनी ने आम आदमी पार्टी की विफल नीतियों और नेतृत्व से निराश होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ता रहेगा देश : कैप्टन अभिमन्यु

## ■ किसानों को सक्षम बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार चला रही अनेक योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। किसानों के लिए भी केंद्र सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना के छह हजार रुपए सालाना दिए जा रहे हैं। विपक्षी पार्टियां किसानों को बायोमेट्रिक को लेकर भड़काने का काम कर रही है। जो भी नई व्यवस्था शुरू होती हैं तो शुरुआत में परेशानी आती हैं, जो खामियां रह गई है, उनको ठीक किया जाएगा।

■ बायोमेट्रिक पर किसानों को भड़का रहा विपक्ष

आज फसल बेचते ही किसानों के खातों में दो दिन के अंदर रुपए आ जाते हैं। पहले वाली सरकारों में दो से तीन महीने का समय लग जाता था। सरकार किसानों के हितों के लिए अनेक योजनाएं लागू करके उनको फायदा पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार योजनाएं चला रही है, वहीं समय-समय पर उनकी समीक्षा भी की जा रही है।



**नारनौंद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, साथ हैं मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर और अन्य।

### महिला आरक्षण को रोककर विपक्ष ने देश की जनता के साथ धोखा किया

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि देश में महिला आरक्षण लागू न होने देना विपक्ष की इस घबराहट से साफ दिखाई दे रहा है कि विपक्ष पूरी तरह से डरा हुआ है। विपक्ष ने देश की महिलाओं के साथ धोखा किया है और विपक्षी पार्टियों को इसका खामियाजा भी भुगतना होगा। कैप्टन अभिमन्यु शुक्रवार को गांव बास की अनाज मंडी में मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर के कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में ही महिला विधेयक पास हुआ था, नए सेशन में लागू होना था। तब तक ज्यादा समय निकल जाएगा। इसी को लेकर सिर्फ एक लाइन में बदलाव करना था लेकिन विपक्ष ने हंगामा करके महिलाओं के हक को दबा दिया। महिलाएं अपना हक लेना जानती है। वो विपक्ष को करारा जवाब देने का काम करेगी। आज महिला हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाकर देश के विकास में अहम योगदान दे रही हैं। आज विपक्ष पूरी तरह से डरा हुआ है, जब धारा 370 हटाई गई थी उस समय भी विपक्ष ने कहा था कि देश में अशांति फैल जाएगी, देश जल जाएगा लेकिन आज जम्मू कश्मीर शांत होकर प्रगति के रास्ते पर बढ़ रहा हैं।

### राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहें सरकारी कर्मचारी : आयोग

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि आयोग द्वारा 13 अप्रैल को सामान्य चुनावों के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। 22 अप्रैल को राजनीतिक दलों के साथ आयोजित बैठक में आयोग के संज्ञान में यह मामला लाया गया कि कुछ स्थानों पर सरकारी कर्मचारी खुले तौर पर राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेते हुए किसी विशेष प्रत्याशी का पक्ष ले रहे हैं। यह हरियाणा सिविल सेवा (सरकारी कर्मचारी आचरण) नियम, 2016 के नियम-9 तथा मॉडल आचार संहिता का उल्लंघन है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता के तहत किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि में भाग लेना या किसी उम्मीदवार के पक्ष में सहायता, समर्थन अथवा प्रचार करना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

## 2027 तक यमुना नदी को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करना लक्ष्य : मुख्यमंत्री

# यमुना में दूषित पानी छोड़ना सहन नहीं औद्योगिक इकाइयों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 के अंत तक यमुना नदी को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करना है। इसके लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। जहां जरूरत होगी, वहां नए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), औद्योगिक अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (ईटीपी) और सामान्य अपशिष्ट उपचार केंद्र (सीईटीपी) स्थापित किए जाएंगे। शुक्रवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में यमुना कैचमेंट एरिया में 1543 एमएलडी क्षमता के 91 एसटीपी कार्यरत हैं। इनमें से 41 एसटीपी पिछले पांच वर्षों में स्थापित किए गए हैं, जबकि 11 नए एसटीपी निर्माणाधीन हैं।

■ नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए हरियाणा में 91 एसटीपी काम कर रहे

बैठक में हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन जे. गणेशन ने जानकारी दी कि कुछ औद्योगिक इकाइयां खर्च बचाने के लिए अपने अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र नहीं चला रहीं और दूषित पानी छोड़ रही हैं। कई जगह टैंकरों के माध्यम से गांवों के तालाबों में अपशिष्ट जल डालने के मामले भी सामने आए हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने ऐसे उद्योगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना में मिलने वाली 11 प्रमुख ड्रेनों पर सामान्य अपशिष्ट उपचार केंद्र (सीईटीपी) स्थापित किए जाएं, ताकि औद्योगिक अपशिष्ट जल पूरी तरह उपचारित होकर ही नदी में पहुंचे। इसके लिए सीएसआर फंड का भी उपयोग किया जा सकता है।



### 8 नए सीईटीपी स्थापित किए जाएंगे : सीएम

उन्होंने बताया कि 147.5 एमएलडी क्षमता के 8 नए सीईटीपी स्थापित किए जाएंगे। इनमें फरीदाबाद, गुरुग्राम, पानीपत और सोनीपत के विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जबकि यमुनानगर के परवालू में एक संयंत्र निर्माणाधीन है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से 211 एमएलडी अनुपचारित जल हरियाणा में आता है, जिसे यहां उपचारित कर वापस भेजा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर दिल्ली सरकार से बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा, ताकि यमुना में केवल शुद्ध जल ही छोड़ा जाए।

### हरियाणा में बनेगा खिलौना उद्योग के लिए विशेष क्लस्टर : मुख्यमंत्री



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश में खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 250 से 300 एकड़ में एक विशेष क्लस्टर विकसित किया जाएगा। खिलौना उद्योग क्लस्टर विकसित होने से न केवल हरियाणा के उद्योग जगत को नई पहचान मिलेगी बल्कि निर्यात बढ़ने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। उन्होंने बीती रात गुरुवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पत्रकारों से बातचीत की। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ा रहे

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प हैं। इसलिए हमें बाबा साहेब के जीवन से कठिन परिस्थितियों में भी सफलता की सीख लेनी और ज्योतिबा फुले के जीवन से समाज सेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा सिविल सचिवालय परिसर में कर्मचारी एवं अधिकारी संगठनों द्वारा आयोजित ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहेब के जंयती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दोनों महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलते हुए प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हरियाणा में डबल इंजन सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं और नीतियां लागू कर गरीब व्यक्ति के उत्थान के लिए काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें इन महान विभूतियों के विचारों को केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रखना, बल्कि उन्हें अपने व्यवहार और नीतियों में भी उतार कर शिक्षा में असमानता, सामाजिक भेदभाव को खत्म किया जा सकता है।

### नारनौल और फरीदाबाद मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा शुरू होगी

**चंडीगढ़।** सरकार ने महर्षि च्यवन सरकारी मेडिकल कॉलेज कोरियावास, नारनौल और अटल बिहारी वाजपेयी सरकारी मेडिकल कॉलेज छायंसा, फरीदाबाद में निःशुल्क डायलिसिस सेवाओं के विस्तार को मंजूरी प्रदान की है। यह निर्णय बजट घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से जमीनी स्तर पर लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने छायंसा और कोरियावास के सरकारी मेडिकल कॉलेजों को निर्देश दिए हैं कि वे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत आगामी दो सप्ताह के भीतर डायलिसिस सेवाएं प्रारंभ करें। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किडनी रोगियों को समय पर उपचार मिल सके।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**मु.न. 115 दिनांक 21.04.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम स्वीटी।
पति का नाम आन्नद।
पता - वासी गांव सरगथल सोनीपत हरियाणा।
उम्र-31 वर्ष।
कद-5 फुट 2 ईन्च।
हुलियाः रंग गेहुंआ, लम्बुतरा चेहरा, काले लम्बे बाल, काली आँखे, लम्बी नाक, पतला शरीर है।
पहनावाः- पीले रंग का सूट-सलवार व पैरों मे गुलाबी रंग के जूते पहने हुए है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.04.2026 को स्वीटी पत्नी आन्नद वासी गांव सरगथल सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयी हैं, अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना-7419410545
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9050804001
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/4719/2027/44780/88/6 दि. 24.04.2026


### विभागों के आधार पर अधीक्षकों के वेतनमान में भेदभाव असंवैधानिक

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार के कर्मचारियों से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए राज्य के विभिन्न विभागों में कार्यरत सुपरिंटेंडेंट्स के साथ वेतन में किए गए भेदभाव को असंवैधानिक ठहराया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि समान पद पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ अलग-अलग वेतनमान का व्यवहार समान काम के लिए समान वेतन के सिद्धांत का उल्लंघन है। भुवनेश कुमार व अन्य ने याचिका दाखिल करते हुए 15 अक्टूबर 2018 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसके जरिए सरकार ने उन्हें उच्च ग्रेड पे (4800 और 5400) देने से इन्कार कर दिया था। याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि 2 जुलाई 2009 से उन्हें भी वही लाभ दिए जाएं जो हरियाणा सिविल सचिवालय, एफसीआर, राज्यपाल भवन, एचपीएससी, विधानसभा और लीगल रिमेंबरेंसर कार्यालयों में तैनात अधीक्षकों को दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि 1982 में राज्य सरकार ने कार्यालयों की क्लास ए, बी और सी की श्रेणी समाप्त कर दी थी। इसके बाद सभी अधीक्षकों को एक समान ग्रुप बी गजटेड अधिकारी माना गया और वर्षों तक सभी को समान वेतनमान मिलता रहा। याची ने कहा कि 2009 में अचानक कुछ कार्यालयों के अधीक्षकों को ज्यादा ग्रेड पे देना भेदभावपूर्ण है।



■ कर्मचारियों के हित में हाईकोर्ट का अहम फैसला

### सीएम की मौजूदगी में बंसल ने पंचकूला से किया नामांकन दाखिल

**पंचकूला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में शुक्रवार को श्याम लाल बंसल ने मेयर पद के लिए भाजपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। उन्होंने लघु सचिवालय, पंचकूला स्थित एसडीएम कार्यालय में रिटर्निंग ऑफिसर-सह -एसडीएम कालका संयम गर्ग को अपना नामांकन पत्र सौंपा। इसके उपरांत मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्यामलाल बंसल पार्टी के वरिष्ठ, अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने श्यामलाल बंसल और उनकी टीम, जिसने 20 वार्डों के लिए नामांकन भरा है, को अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां हर कार्यकर्ता चुनाव लड़ने के बजाय संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करता है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस

| S. N. | Lot No. | Auction Catalogue No. | Details | Auction start date & time | Auction close date & time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-RAA-GMU-181-26-1 | UMB-Ctg-03-2026 | (जनरल माइनर यूनिट–खानपान) (जीएमयू) (आकार–10' X 6') स्टॉल नंबर–1, सर्कुलेटिंग एरिया में सामान्य श्रेणी के लिए बराड़ा रेलवे स्टेशन पर। | 08.05.2026 at 15:00 hrs. | 08.05.2026 at 15:30 hrs. |
| 2. | Catg-UMB-MET-GMU-177-26-1 | UMB-Ctg-03-2026 | (जनरल माइनर यूनिट–खानपान) (जीएमयू) (आकार–10' X 6') स्टॉल नंबर–2, प्लेटफॉर्म संख्या–1,सामान्य श्रेणी के लिए मालेरकोटला रेलवे स्टेशन पर। | 08.05.2026 at 15:00 hrs. | 08.05.2026 at 15:40 hrs. |

नोटः ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** को देखें।
**1360/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**मु.न. 109 दिनांक 21.04.2026 धारा 140(3) बी.एन.एस. & 84 जे.जे. एक्ट थाना शहर गोहाना जिला सोनीपत।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - अंशु।
पिता का नाम शमशेर।
पता - वासी गढ़ी उजाले खाँ गोहाना जिला सोनीपत।
उम्र-7 वर्ष।
कद-3 फुट 4 ईन्च।
हुलिया- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, लम्बी नाक, पतला फुर्तिला शरीर है।
पहनावा - हरे रंग की टी-शर्ट, काले रंग की लोवर व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.04.2026 को अंशु पुत्र शमशेर वासी गढ़ी उजाले खाँ गोहाना जिला सोनीपत बिना किसी को बताए अपने घर से कहीं चला गया हैं। अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना 7419410544
अनुसंधानकर्ता मो0 न०. - 8708910007
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/4724/2027/44798/88/6 दि. 24.04.2026



**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेलः coemunimpura@gmail.com

**फूलों की नीलामी कार्यक्रम सूचना बारे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर उपलब्ध सरप्लस फूलों की नीलामी दिनांक 30.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे केन्द्र के परिसर में होगी। निलामी खुली बोली के आधार पर की जाएगी। बोली की नियम व शर्तें बोली के दिन बता दी जाएगी। उपलब्धता निम्न प्रकार हैः-

| Sr. No. | Crop | Variety | Area (sqm) |
|---|---|---|---|
| 1 | Marigold | P. Narangi, P. Bahar & Thailand | 1000 |
| 2 | Chrysanthemum | Variety-12 nos. | 1581 |
| 3 | Gladiolus | Pink & White | 2500 |
| 4 | Babuna | | 2000 |

नोटः-
7. बोलीदाता को 2000 /- रुपये बतौर धरोहर राशि मौके पर जमा करवाने होंगे।
8. प्रातः 11:00 बजे के उपरान्त पहुंचने वाले किसी भी प्रतिभागी को केन्द्र परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।
9. प्रत्येक बोलीदाता को नीलामी के दिन अपना आधार कार्ड अथवा अन्य पहचान-पत्र की मूल प्रति साथ रखनी होगी।
10. सफल बोली के बाद फूलों को ले जाने का किराया बोलीदाता को स्वयं वहन करना होगा।
11. सभी नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।
पीआरडीएच-1049/11/1080/2027/44796/88/6 दि. 24.04.26



**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेलः coemunimpura@gmail.com

**कम्प्यूटर लेवलर, जे.सी.बी. और लेबर आदि काम करवाने हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर लगभग 03 एकड़ एवं कुछ अन्य संरक्षित संरचनाओं के आस-पास का क्षेत्र लगभग 02 एकड़ एवं साथ ही कच्चा तालाब है इस पूरे क्षेत्र को कम्प्यूटर लेवलर से लेवल कराया जाना है तथा जे.सी.बी. मशीन से प्लॉट, कच्चा तालाब एवं बीच के रास्ते को भी जे.सी.बी. मशीन द्वारा लेवलिंग व खरपतवार आदि की साफ-सफाई लेबर द्वारा करवाई जानी है जिसके लिए कम्प्यूटर लेवलर, जे.सी.बी. और लेबर की व्यवस्था केन्द्र पर करने हेतु बाजार से केन्द्र पर कुटेशन आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

| केन्द्र पर साफ-सफाई के कार्य कराने का विवरण | लगभग कार्य का समय / मजदूरों की संख्या | यूनिट रेट प्रति घण्टे / मजदूर | कुल दर (सभी कर सहित) |
|---|---|---|---|
| कम्प्यूटर लेवलर से लेवल कराने का कार्य | 12 घण्टे | | |
| ● जे.सी.बी. मशीन द्वारा कच्चे तालाब की साफ-सफाई, तालाब के चारों तरफ किनारे बनाने का कार्य ● जे.सी.बी. मशीन द्वारा ब्लॉक 1 एवं ब्लॉक-2 के बीच के रास्ते का सफाई का कार्य | 12 घण्टे | | |
| मजदूरों द्वारा केन्द्र पर दीवारों के किनारे-किनारे, संरक्षित सरचनाओं के आस-पास व अन्दर, आवश्यकता अनुसार अन्य जगहों पर कस्सी, खुरपी व दराती से साफ-सफाई का कार्य | 120 मजदूर | | |
| कुल | | | |

1. इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन अपनी फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 05.05.2026 तक सांय 02:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/पोस्ट / कुरियर के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।
2. कुटेशनों का आकलन कमेटी द्वारा किया जाएगा। अतः सबसे कम कुल कीमत वाली कुटेशन को स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशनों को स्वीकृत अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केंद्र की आकलन कमेटी के पास होंगे।
3. इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए डॉ. हेमन्त (Mob no. 8683801977) पर संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/- परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर।
पीआरडीएच-1049/11/1079/2027/44795/88/6 दि. 24.04.26



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99 REGD. NO. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**
सी.जी.–आर.जे.अ.– 21042026-271962
CG-RJ-E- 21042026-271962
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1911] नई दिल्ली, सोमवार, अप्रैल 20, 2026/चैत्र 30, 1948
No. 1911] NEW DELHI, MONDAY, APRIL 20, 2026/CHAITRA 30, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर-पश्चिम रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
जयपुर, 17 अप्रैल, 2026

**का.आ. 1982 (अ).-** केन्द्रीय सरकार ने रेलवे (संशोधन) अधिनियम 2008 (2008 का 11वां) (जिसे इसमे इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20च के खंड (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिनियम के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ (3) जिले के संबंध में हरियाणा राज्य के भिवानी जिले में "उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल में **मनेहरू-बवानी खेड़ा खंड (31.50 कि.मी.)** के दोहरीकरण परियोजना" के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन, और संचालन के लोक प्रयोजन के लिए स्तम्भ (2) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त अधिनियम के अधीन मध्यस्थ के रूप में कृत्यों का निर्वहन करने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में प्राधिकृत करती है।

सारणी
विशेष रेल परियोजना

| क्रम सं. | सक्षम प्राधिकारी | जिला | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | मंडल आयुक्त, रोहतक | भिवानी | हरियाणा |

[फा. सं. उपरे/मुख्यालय/सं. & नि/443599200 भाग-25]
जे. एस. लाकरा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)
596-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**खबर संक्षेप**

## ट्रेन की चपेट में आने से हेडकांस्टेबल की मौत

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में ट्रेन की चपेट में आने से हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। शाहबाद में जलेबी पुल के पास रेलवे लाइन के पास ही हेड कांस्टेबल का शव बरामद हुआ। उससे थोड़ी ही दूरी पर राजकीय रेलवे पुलिस को उनकी बाइक बरामद हुई। हेड कांस्टेबल की पहचान अंबाला जिले के सोंटी गांव निवासी 38 वर्षीय नरमेल सिंह के रूप में हुई है। वह थाना झांसा के अंतर्गत डायल-112 पर तैनात थे। एक वर्ष पहले उनकी मां का देहांत हुआ था, जिसके बाद उनकी मानसिक हालत खराब हो गई थी। उनको 19 अप्रैल को अम्बाला शहर के प्राइवेट अस्पताल में एडमिट करवाया था, लेकिन वीरवार को वे बिना डिस्चार्ज हुए घर आ गए थे। शुक्रवार सुबह 7 बजे बाइक लेकर घर से चले गए।

## अजय सूरा बने राज्य सूचना आयुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने लोक भवन में



आयोजित समारोह में वरिष्ठ पत्रकार अजय सूरा को राज्य सूचना आयुक्त के रूप में पद और निष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्य सूचना आयुक्त टीवीएसएन प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सीआईडी सौरभ सिंह, राज्यपाल के सचिव विजय कुमार सिद्दप्पा भाविकट्टी, राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की अतिरिक्त निदेशक वर्षा खांगवाल, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे व राज्यपाल के एडीसी स्क्वाड्रन लीडर पी. भरत आदि उपस्थित थे।

# एनआईटी में सुसाइड केस : केंद्रीय टीम ने स्टूडेंट्स से जानी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. विनित जोशी ने शुक्रवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) कुरुक्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बीते दिनों एनआईटी में हुई घटनाओं की समीक्षा की। मीडिया से बातचीत में डॉ. जोशी ने कहा कि मंत्रालय की तरफ से जांच के लिए आए हैं। यहां स्टूडेंट्स और टीचर्स से बातचीत की जा रही है। अभी हॉस्टल की जांच करेंगे। टीचर और स्टूडेंट्स के अपने-



पत्रकारों से बात करते उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. विनित जोशी।

अपने मुद्दे हैं, जिन्हें जानने की कोशिश कर रहे हैं। स्टूडेंट्स, एनआईटी और लोकल प्रशासन ने भी अपने सुझाव रखे हैं। साथ ही एनआईटी में स्टूडेंट्स के सुसाइड मामले में स्थानीय पुलिस को शुरुआती जानकारी है। बच्चों के लिए ओवरऑल अच्छा एनवायरमेंट हो उस पर काम करेंगे।

इस अवसर पर एनआईटी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की चेयरपर्सन तेजस्विनी अनंत कुमार, शिक्षा मंत्रालय ज्वाइंट सेक्रेटरी सौम्या गुप्ता, गोविंद जायसवाल, डिप्टी सेक्रेटरी हीरा लाल भी मौजूद रहे। वहीं, नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल के चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे की अगुवाई में एक टीम वीरवार को एनआईटी में पहुंची थी। टीम ने एनआईटी में हुई भर्ती, प्रमोशन, शिकायतें व रैंकिंग में आई गिरावट और वेकेंट पोस्ट को लेकर जांच की। बता दें कि दो माह के भीतर एनआईटी में चार विद्यार्थियों ने सुसाइड कर लिया था।

### एग्जाम का नया शेड्यूल किया जारी

जांच और स्टूडेंट्स की छुट्टियों के बीच एनआईटी प्रशासन ने एग्जाम का नया शेड्यूल जारी कर दिया है। 15 मई से एनआईटी कुरुक्षेत्र में एग्जाम शुरू होंगे। हालांकि पहले री-अपीयर और उसी के बीच बीटेक लास्ट ईयर की परीक्षाएं होगी। एनआईटी कुरुक्षेत्र के प्रवक्ता प्रो. ज्ञान भूषण के बताया कि बीटेक लास्ट ईयर के 8वें सेमेस्टर की थ्योरी परीक्षाएं 18 मई से 26 मई तक सुबह के समय होगी। री-अपीयर परीक्षाओं में 7वें सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 और 16 मई को आयोजित होंगी और कुछ एग्जाम 8वें सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा के बाद भी लिए जाएंगे। इसके अलावा 5वें सेमेस्टर की री-अपीयर परीक्षाएं 20 से 31 जुलाई तक सुबह के सेशन में, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं इसी अवधि में ईवनिंग सेशन में और पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 से 31 जुलाई के बीच वैकल्पिक दिनों में सुबह के सेशन में आयोजित की जाएंगी।

**पीपल फॉर एनिमल की शिकायत पर सजा**

# कुत्ते को धूप में बांधकर रखने पर लगाया 51 हजार रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कड़ी धूप में घर की बालकनी में कुत्ते को बांधकर रखने के मामले में पीपल फॉर एनिमल की शिकायत पर कोर्ट ने मालिक पर 51 हजार का जुर्माना लगाया है। मामला सेक्टर-82 स्थित पुरी प्रणायम सोसाइटी का है। 20 जून 2024 को बीपीटीपी थाना पुलिस ने पीपल फॉर एनिमल यूनिट की हेड वृंदा शर्मा की शिकायत पर दीपक शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। शिकायत में कहा था कि दीपक शर्मा ने अपने पालतू कुत्ते को सोसाइटी के फ्लैट की बालकनी में कड़ी धूप में बांध रखा था। पीएफए की टीम ने पुलिस की मदद से कुत्ते को रेस्क्यू कराया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कोर्ट में चालान पेश किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत आरोपी पर 50 रुपये का जुर्माना लगाया, जो पहली बार अपराध करने पर अधिकतम सजा है। इसके अलावा दूसरी धारा में आरोपी पर एक हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया गया।

## झूठी रईसी दिखाकर चार दोस्तों ने रचा महाठगी का जाल

# पानीपत में 29 टेक्सटाइल व्यापारियों से गिरोह ने की 1.12 करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत और करनाल के 29 टेक्सटाइल व्यापारियों को एक गिरोह ने एक करोड़ 12 लाख रुपये की चपत लगा दी। गिरोह में शामिल सदस्य इतने शातिर थे कि उन्होंने रईसी का दिखावा कर व्यापारियों से लाखों रुपये का माल उधार ले लिया और बाद में भुगतान किए बिना ही चंपत हो गए। पानीपत की देशराज कॉलोनी स्थित गाबा टेक्सटाइल के मालिक प्रेम कुमार की शिकायत पर थाना तहसील कैंप पुलिस ने चार नामजद आरोपियों दीपक कपूर, प्रीत सिंह, राज रत्तन और राहुल कुमार सहित इनके गिरोह के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रेम कुमार ने बताया कि चारों नामजद आरोपियों ने स्वयं को ओम ट्रेडर्स, नानक एंटरप्राइजेज, फर्निशिंग वाला और महादेव एंटरप्राइजेज का मालिक बताते हुए टेक्सटाइल के उत्पाद खरीदें और भुगतान नहीं कर ठगी की। आरोपियों ने टेक्सटाइल व्यापारी समीर से 23 लाख, अमन शर्मा से 6.63 लाख, डिवाइन क्रिएशन से 6.53 लाख, माधव मिगलानी से पांच लाख, संजय जैन से 4. 67 लाख, नंद राम व अचित भाटिया, रतन लाल प्रत्येक से चार लाख, युक्ति पोलीमर, गुलजार, जितन बत्रा, आयुष कपूर, हरमीत, मदन ग्रोवर, संजय तनेजा, अजित कुमार, अंशुल गर्ग, खुशी राम, प्रेम गाबा, दुआ हैंडलूम, जयपाल सिंह, हेमंत रोहिला, लक्षित ट्रेडर्स, विनोद गोयल, लक्ष्य, शुभम, किशोर कुमार, अरुण भाटिया से साढ़े तीन लाख से लेकर साठ हजार रुपये तक की ठगी की है।

### चेक बाउंस हुए तो फैक्ट्री पहुंचे, वहां बदमाशों ने धमकाया

प्रेम कुमार ने बताया कि जब उन्होंने 81,900 रुपये का पहला ऑर्डर भेजा तो आरोपियों ने उन्हें एक चेक दिया। लेकिन जैसे ही पहला चेक बैंक में लगाया गया, वह बाउंस हो गया। आरोपियों द्वारा दिया दूसरा चेक भी बाउंस हो गया। जब वह अपनी पेमेंट लेने के लिए उनकी सेक्टर-25 स्थित कथित फैक्ट्री में पहुंचे तो वहां पहले से 4-5 अज्ञात हथियारबंद बदमाश बैठे थे। उन्होंने हथियारों के बल पर धमकाया। यह गिरोह व्यापारियों से उधार में लिया माल बाजार में कम कीमत पर बेचकर पैसा इकट्ठा करते हैं और फिर अपना ठिकाना बदल लेते हैं।

# जींद में युवक की हत्या कर बेड में छिपाया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- दो दिन से लापता भाई को तलाशते आरोपी के घर गया था, चारों तरफ बिखरा था खून, दो पर केस
- तेजधार हथियारों से की गई हत्या, दो दिन से शव पड़ा रहने पर सड़ चुका था

गांव नंदगढ़ में बेड से एक व्यक्ति का गली-सड़ी हालत में शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर नंदगढ़ गांव निवासी रामकेश व मोहित के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नंदगढ़ निवासी 40 वर्षीय चांद अविवाहित था। वह अपने भाई सतबीर के साथ ही उसके मकान में रहता था। 22 अप्रैल को सुबह चांद घर से निकला था लेकिन शाम तक वापस नहीं आया। सतबीर ने अपने भाई की तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। सतबीर ने बताया कि उसे पता चला कि उसके भाई चांद को गांव के ही रामकेश व मोहित के साथ दिन में देखा गया था। 22 अप्रैल को मोहित व रामकेश ने उसके भाई चांद के साथ मारपीट भी की थी। शुक्रवार सुबह सतबीर मोहित के घर गया। मोहित भी अपने मकान में अकेला ही रहता था। सतबीर ने बाहर से कुंडी खोली और मोहित के घर में दाखिल हुआ। उसे घर में कोई नहीं मिला। सतबीर को घर के अंदर से बदबू आने लगी। उसने मकान के अंदर जाकर देखा तो वहां चारों तरफ खून बिखरा पड़ा था और मोहित के बेड में उसके भाई का शव मिला।

**हाईकोर्ट ने फैमिली पेंशन का दावा किया खारिज**

# पहली पत्नी के जीवित रहते शादी करने वाली को नहीं मिलेगी पेंशन

- सेना अधिकारी की वैध पत्नी की मृत्यु के बाद एक दूसरी महिला ने किया था दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने फैमिली पेंशन को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि सिर्फ वैध पत्नी ही पेंशन की हकदार होती है। अवैध विवाह से किसी महिला को न तो पत्नी का दर्जा मिलता है और न ही विधवा होने के दावे से फैमिली पेंशन का अधिकार। महिला ने मृत सेना अधिकारी की दूसरी पत्नी होने का दावा करते हुए फैमिली पेंशन देने की मांग की थी। याची ने कहा था कि उसका विवाह उस समय हुआ था जब अधिकारी की पहली शादी वैध थी और पहली पत्नी जिंदा थी।

बाद में पहली पत्नी की मृत्यु हो गई और ऐसे में अब वह अधिकारी की विधवा होने के नाते फैमिली पेंशन की हकदार है। जस्टिस संदीप मौदगिल ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि पहली शादी वैध रहते दूसरी शादी कानूनन शून्य होती है। ऐसी शादी से महिला को पत्नी या विधवा का कानूनी दर्जा नहीं मिलता।

### हाईकोर्ट ने कहा, गृहिणी का योगदान केवल पैसों में नहीं आंका जा सकता, मुआवजा साढ़े 12 लाख बढ़ाया

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि गृहिणी द्वारा परिवार को दिया जाने वाला योगदान केवल पैसों में नहीं आंका जा सकता। यह टिप्पणी अदालत ने एक सड़क दुर्घटना मामले में मुआवजे की राशि में भारी बढ़ोतरी करते हुए की। वर्ष 2009 में हुए इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद उसके परिजनों को एमएसीटी द्वारा सीमित मुआवजा दिया गया था। जस्टिस हरकेश मनुजा ने कहा कि गृहिणी की काल्पनिक आय निर्धारित करते समय केवल उसकी आय को ही नहीं, बल्कि उसके द्वारा घर के लिए किए जाने वाले कार्यों और उससे होने वाली बचत को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। अदालत ने महिला की मासिक आय 5 हजार को बढ़ाकर 8 हजार रुपये प्रति माह मानी। अदालत ने मुआवजे की राशि को 4.55 लाख रुपये से बढ़ाकर 16.92 लाख रुपये कर दिया।

### 12 से 15 मई के बीच आएगा 12वीं का रिजल्ट

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सीनियर सेकंडरी का रिजल्ट 12 से 15 मई के बीच घोषित हो सकता है। बोर्ड चेयरमेन डॉ. पवन कुमार के अनुसार इस बार बोर्ड के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब दसवीं व 12वी में 300 केस बने हैं। नूंह में सबसे ज्यादा 74 केस बने, जबकि यमुनानगर व अंबाला नकलविहीन रहे। कुरुक्षेत्र व फरीदाबाद में केवल 1-1 केस बना है। कैथल में 4 केस तो पचकूला में 3 केस बने हैं। सिरसा हिसार व फतेहाबाद में 2-2-2 केस बने हैं। नकल के केसों पर 29 अप्रैल को सुनवाई होगी।

### कई कंपनियों के सीए के घर पर ईडी की रेड

**रेवाड़ी।** शुक्रवार सुबह 6 बजे ईडी की टीम ने भाड़ावास गेट के पास कई कंपनियों और कारोबारियों का काम संभालने वाले एक सीए के दफ्तर पर रेड की। टीम ने सीए के दफ्तर को अंदर से बंद करने के बाद घंटों दस्तावेजों की जांच की। जैसे ही सीए के दफ्तर पर रेड की सूचना का पता चला, कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई। अभी यह खुलासा नहीं हुआ है कि किस मामले में रेड हुई है।

### 48 घंटे में उठान व भुगतान का दावा झूठा : आदित्य

**चंडीगढ़।** इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल ने कहा कि फसल खरीद को लेकर आज किसान परेशान हैं। उन्हें मजबूरी में किराए पर ट्रैक्टर लेकर फसल मंडी में लानी पड़ रही है। मंडी फसलों से भरी पड़ी है, सरकार 48 घंटे में उठान और भुगतान के झूठे दावे कर रही है। किसी अन्य प्रदेश में अंगूठे के निशान नहीं मांगे गए, केवल हरियाणा में थंब इंप्रेशन मांग गए हैं। यह काम 10वीं पास बच्चे अपने निजी लैपटॉप से कर रहे हैं, जो किसानों के पैसे और डाटा सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। पक्के कर्मचारी तो हैं नहीं इसलिए ये बच्चे 45 दिन के लिए लगाए जाते हैं।



# अब सोने पर लोन के नियम बदले, बैंक पर होगी कड़ी निगरानी, बड़ा बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कहा जाता है कि मुश्किल समय में साथ देने वाला या तो अपना होता है या सोना। ऐसे समय में सोना ही वह सबसे भरोसेमंद संपत्ति है जिसे तुरंत नकदी में बदला जा सकता है।

■ अब छोटे लोन पर ज्यादा लोन वैल्यू मिलेगा

इसी को ध्यान में रखते हुए आरबीआई ने वर्ष 2026 में गोल्ड लोन नियमों में बड़े और क्रांतिकारी बदलाव किए हैं, जो आम लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे। नए नियमों के अनुसार अब छोटे लोन पर ज्यादा लोन वैल्यू मिलेगा। 2.5 लाख रुपए तक के लोन पर 85 प्रतिशत तक, 5 लाख रुपए तक 80 प्रतिशत और उससे ज्यादा राशि पर 75 प्रतिशत तक ही लोन मिलेगा। इससे छोटे कर्ज लेने वालों को फायदा होगा, लेकिन बड़े कर्ज लेने वालों को पहले की तुलना में कम अमाउंट मिल सकती है।

## 2.5 लाख रुपये तक के लोन पर 85 प्रतिशत तक लोन वैल्यू

### गोल्ड लोन का इस्तेमाल सोना खरीदनें में नहीं होगा

सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब गोल्ड लोन का इस्तेमाल सोना खरीदने के लिए नहीं किया जा सकेगा। इसका इस्तेमाल केवल मेडिकल इमरजेंसी या व्यापारिक जरूरतों के लिए ही किया जा सकेगा। आरबीआई का मकसद फाइनेंशियल रिस्क को कम करना और सिस्टम को ज्यादा सुरक्षित बनाना है।



### अब केवल सोने का वजन माना जाएगा

सोने की वैल्यू तय करने में भी पारदर्शिता बढ़ाई गई है। अब केवल सोने का वजन ही माना जाएगा, उसमें लगे पत्थरों की कीमत शामिल नहीं होगी। साथ ही पिछले 30 दिनों की औसत कीमत या मौजूदा कीमत में जो कम होगी, उसी के आधार पर लोन मिलेगा। लोन चुकाने के बाद बैंक को 7 वर्किंग डेज के अंदर सोना वापस करना जरूरी होगा। अगर देरी होती है तो बैंक को रोजाना 5,000 रुपए का जुर्माना देना पड़ेगा।

### ज्यादा लोन लेने वालों की होगी क्रेडिट जांच

अब 2.5 लाख रुपए से ज्यादा लोन लेने वालों की क्रेडिट जांच जरूरी होगी। बैंक यह भी देखेंगे कि ग्राहक लोन चुकाने में सक्षम है या नहीं। वहीं छोटे लोन पर यह प्रक्रिया आसान रहेगी। गोल्ड लोन की 'बुलेट रीपेमेंट' सिस्टम में अब मैक्सिमम 12 महीने की सीमा तय कर दी गई है यानी ब्याज और मूलधन एक साथ चुकाने की सुविधा सीमित समय तक ही रहेगी। पुराने लोन को बार-बार बिना ब्याज चुकाए रिन्यू नहीं किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### रुपया 15 पैसे कमजोर होकर 94.16 पर बंद

**मुंबई।** रुपये में शुक्रवार को लगातार पांचवें सत्र में गिरावट दर्ज की गई और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे टूटकर 94.16 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम लागू होने के बावजूद होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से जहाजों की आवाजाही अनिश्चित बनी रही जिससे वैश्विक बाजारों में ईंधन की कीमतों में अस्थिरता है।

### भूमि अधिग्रहण में देरी से राजमार्ग निर्माण पिछड़ा



**नई दिल्ली।** देश में वित्त वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण 9,380 किलोमीटर रहा, जो 10,000 किलोमीटर के लक्ष्य से कम है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लक्ष्य से पीछे रहने का मुख्य कारण भूमि अधिग्रहण में देरी और अन्य मंजूरियां मिलने में समय लगना रहा।

### शैलेट होटल्स 171 करोड़ में उदयपुर का रिसॉर्ट खरीदेगी




**नई दिल्ली।** शैलेट होटल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 171 करोड़ रुपये के कुल मूल्य पर सीजन्स होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। सीजन्स होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के पास उदयपुर में 144 कमरों वाला 'इंडर रेजिडेंसी रिजॉर्ट एंड स्पा' है। सूचना में कहा कि यह अधिग्रहण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने एसबीआई के कार्यक्रम में कहा

# घरेलू खपत से वृद्धि को मिल रही मजबूती जीडीपी के लिए पूर्वानुमानित समर्थन जरूरी

एजेंसी ▶▶| पुणे

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू खपत देश की आर्थिक वृद्धि को गति दे रही है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के विस्तार की रफ्तार बनाए रखने के लिए स्थिर और पूर्वानुमानित नीतिगत समर्थन आवश्यक है।

सीतारमण ने यहां एसबीआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि बैंकरों की एक समिति इस मुद्दे पर विचार कर रही है कि क्या बैंकों द्वारा तीसरे पक्ष के उत्पादों को बेचने के लिए विशेष वितरण गठजोड़ की अनुमति दी जाए या 'खुली संरचना' का दृष्टिकोण अपनाया जाए। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि जैसे-जैसे वे वैश्विक और डिजिटल हो रहे हैं, वे ग्राहकों के साथ प्रत्यक्ष संपर्क पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आईडीबीआई बैंक की विनिवेश प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

### अमेरिकी झटके के बावजूद निर्यातकों के काम की सराहना

*सीतारमण ने कहा, ''अगर हमारे घरेलू विनिर्माण, कृषि विकास, पर्यटन, आईटी और संबंधित सेवा क्षेत्र को निरंतर और पूर्वानुमानित समर्थन नहीं दिया जाता, भारत की वृद्धि गाथा को बनाए रखना मुश्किल होगा। निर्यात के महत्व पर चर्चा करते हुए सीतारमण ने पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी शुल्क जैसे झटकों के बावजूद निर्यातकों के काम की सराहना की।*



■ बैंकरों की एक समिति इस मुद्दे पर विचार कर रही है

■ तीसरे पक्ष के उत्पादों को बेचने विशेष गठजोड़ की अनुमति मिले




### घरेलू बाजार की खपत हमारी वृद्धि बनाए रखने में सक्षम

वित्त मंत्री ने कहा, ''घरेलू बाजार से आने वाली खपत ही हमारी वृद्धि को बनाए रखने में सक्षम है, जो अभी भी दुनिया में सबसे तेज है।'' उन्होंने कहा कि वृद्धि प्रक्रिया जारी रखने के लिए खपत आवश्यक है, लेकिन इसके लिए पूर्वानुमानित नीतियों का होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### एसबीआई लाइफ के शेयरों में तेज गिरावट

तीसरे पक्ष के उत्पादों की बिक्री के लिए 'खुली संरचना' के सवाल पर उन्होंने बताया कि आईबीए के तहत एक समिति इसकी समीक्षा कर रही है। वित्त मंत्री की इस टिप्पणी के बाद एसबीआई लाइफ के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई, जो प्रीमियम के लिए अपने मूल बैंक पर निर्भर है।

### तकनीकी बदलाव पर मिलकर करे काम

एन्थ्रोपिक के एआई मॉडल 'माइथोस' द्वारा लाए जा रहे तकनीकी बदलावों के बीच वित्त मंत्री ने कहा कि बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में इस संबंध में बैंकों के साथ बैठक हुई। सभी ऋणदाताओं को एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी के नेतृत्व में इस पर मिलकर काम करने को कहा गया है।

### निर्यातकों ने मुश्किल समय में नए बाजार खोजे

वित्त मंत्री ने कहा कि निर्यातकों ने मुश्किल समय में नए बाजार खोजे हैं। पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित क्षेत्रों को नीतिगत समर्थन के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है और अमेरिका-ईरान वार्ता के बीच चीजें बहुत गतिशील हैं। बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता पर इस संकट के प्रभाव से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि चिंता करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि एनपीए कई दशकों के निचले स्तर पर है।

### बैंक ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव रखें

सीतारमण ने इस बात पर भी जोर दिया कि डिजिटल प्रगति के बीच बैंकों को ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग में मानवीय तत्व ही समावेशन की भावना है। उन्होंने बैंकों से आत्ममंथन करने को कहा कि कहीं डिजिटलीकरण की दौड़ में वे ग्राहकों से दूर तो नहीं हो रहे हैं।

# जियो प्लेटफॉर्म्स का मुनाफा 13 प्रतिशत बढ़कर 7,935 करोड़

**नई दिल्ली (भाषा)।** जियो प्लेटफॉर्म्स का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 7,935 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान (जनवरी-मार्च) तिमाही में 7,022 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 12.5 प्रतिशत बढ़कर 38,259 करोड़ रुपये हो गई जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 33,953 करोड़ रुपये थी। रिलायंस जियो को संचालित करने वाली इस कंपनी की प्रति उपयोगकर्ता औसत आय (एआरपीयू) भी बढ़ी है। 2025-26 की चौथी तिमाही में यह 3.8 प्रतिशत बढ़कर 214 रुपये हो गई जो 2024-25 की समान तिमाही में 206.2 रुपये थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो भारत के डिजिटल परिदृश्य को बदलना जारी रखे हुए है। ''मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम जियो प्लेटफॉर्म्स को सूचीबद्ध करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह इसकी यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर साबित होगा।

**उत्तर रेलवे**

**अंबाला मंडल में स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फैसिलिटेटर्स की नियुक्ति के लिए विज्ञापन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तरी रेलवे, अम्बाला, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, आम जनता से सीलबंद आवेदन आमंत्रित करते हैं, ताकि अम्बाला मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फसिलिटेटरों की नियुक्ति की जा सके। यह अनुबंध वास्तविक कार्यारंभ की तिथि से प्रभावी होगा तथा एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य रहेगा, जिसे अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। अंबाला मंडल में ATVM के स्थानों की सूची निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | स्टेशन का नाम | स्टेशन कोड | स्थापित ATVM की सं. | नियुक्त किए जाने वाले फैसिलिटेटर्स की संख्या | स्टेशन श्रेणी | सुरक्षा जमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अम्बाला कैंट | UMB | 2 | 03 | NSG-2 | 50,000/- |
| 2 | चंडीगढ़ | CDG | 2 | 04 | NSG-2 | |
| 3 | सहारनपुर | SRE | 3 | 06 | NSG-3 | 25,000/- |
| 4 | यमुनानगर जगाधरी | YJUD | 1 | 02 | NSG-3 | |
| 5 | बराड़ा | RAA | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 6 | अम्बाला सिटी | UBC | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 7 | राजपुरा | RPJ | 1 | 02 | NSG-4 | |
| 8 | सरहिंद | SIR | 1 | 03 | NSG-4 | |
| 9 | खन्ना | KNN | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 10 | कालका | KLK | 1 | 03 | NSG-3 | |
| 11 | पटियाला | PTA | 1 | 02 | NSG-4 | |
| 12 | नाभा | NBA | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 13 | धूरी | DUI | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 14 | बरनाला | BNN | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 15 | मलेरकोटला | MET | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 16 | रूपनगर | RPAR | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 17 | आनंदपुर साहिब | ANSB | 1 | 03 | NSG-5 | |
| 18 | नंगल डैम | NLDM | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 19 | रामपुरा फूल | PUL | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 20 | अबोहर | ABS | 1 | 03 | NSG-4 | |
| 21 | गिद्दड़बाहा | GDB | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 22 | मलोट | MOT | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 23 | संगरूर | SAG | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 24 | सुनाम उधम सिंह वाला | SFMU | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 25 | ऊना हिमाचल | UHL | 1 | 02 | NSG-4 | |
| 26 | अम्ब अंदौरा | AADR | 1 | 02 | NSG-4 | |
| 27 | शिमला | SML | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 28 | गोविंदगढ़ | GVG | 1 | 02 | NSG-5 | |

| कार्य का विवरण | अनुबंध अवधि | निविदा प्रपत्र की लागत | निविदा जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| कार्य की प्रकृति: अंबाला मंडल के 28 स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फैसिलिटेटर्स को आवंटन के आधार पर नियुक्त करने के लिए निविदा। | एक वर्ष के लिए मान्य अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। | नि: शुल्क | 25.05.26 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे तक |

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| निविदा जारी होने की तिथि | 24.04.26 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय: | 25.05.26 (10:00 बजे से 14:00 बजे तक) |
| निविदा बॉक्स बंद होने की तिथि एवं समय | 25.05.2026 को 15:00 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 25.05.2026 को 15:30 बजे |
| कार्यालय का पता एवं निविदा दस्तावेज उपलब्धता | आवेदन पत्र (नियम एवं शर्तों सहित) उत्तरी रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसे 24.04.2026 को 13:00 बजे से डाउनलोड किया जा सकता है। |

No: NR-UMBOCOML/1/2025 (284713) Dated: .04.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1367/2026

# डॉलर के मजबूत होने से सोना, चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रही। डॉलर के मज़बूत होने और वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के बीच सोने की कीमत में 200 रुपये और चांदी की कीमत में 3,000 रुपये की भारी गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बृहस्पतिवार को 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 3,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने पर दबाव बना रहा और यह दो सप्ताह के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था। इसमें नकारात्मक रुझान देखने को मिला, क्योंकि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण बाज़ार का माहौल सतर्क बना हुआ है।

# टेस्ला भारत में सुपरचार्जिंग नेटवर्क का करेगी विस्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला भारत में अपने कारोबार को मजबूत करके के उद्देश्य से अपनी चार्जिंग सुविधा का विस्तार करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को यह बात कही। कंपनी ने हाल ही में भारत में अपने वाहन पेश किए हैं और अब वह ग्राहकों की बैटरी खत्म होने की चिंता को कम करने के लिए चार्जिंग केंद्रों की संख्या बढ़ा रही है। टेस्ला ने हाल ही में 'मॉडल वाई' के साथ भारत में प्रवेश किया था। इसके बाद बुधवार को उसने अपना दूसरा मॉडल 'मॉडल वाईएल' पेश किया, जो तीन पंक्तियों और छह सीटों वाला वाहन है और जिसकी कीमत 61.99 लाख रुपये है। साथ ही कंपनी ग्राहकों की बैटरी खत्म होने की चिंता दूर करने के लिए चार्जिंग सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। टेस्ला इंडिया के महाप्रबंधक शरद अग्रवाल ने बताया कि फिलहाल भारत में कंपनी के पांच तेज चार्जिंग केंद्र हैं, जिन्हें ऐसे स्थानों पर बनाया गया है जहां लोग काम, खरीदारी, भोजन और यात्रा के लिए जाते हैं।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


# तेल की बढ़ती कीमतों, आईटी शेयर में बिकवाली से सेंसेक्स 1,000 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और आईटी कंपनियों के शेयर में भारी बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और होर्मुज जलडमरूमध्य में लगातार व्यवधान ने कारोबारियों के बीच निराशा को और बढ़ा दिया। बीएसई सेंसेक्स 999.79 अंक या 1.29 प्रतिशत टूटकर 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,260.13 अंक या 1.62 प्रतिशत फिसलकर 76,403.87 अंक तक चला गया था। बीएसई पर कुल 2,905 शेयर में गिरावट आई जबकि 1,326 में बढ़त हुई और 158 अपरिवर्तित रहे। एनएसई निफ्टी 275.10 अंक या 1.14 प्रतिशत लुढ़ककर 23,897.95 अंक पर बंद हुआ। बीते सप्ताह सेसेंक्स 1,829.33 अंक या 2.33 प्रतिशत गिरा और निफ्टी में 455.6 अंक या 1.87 प्रतिशत की कमजोरी हुई। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, '' भारतीय शेयर बाजारों ने लगातार तीसरे सत्र में गिरावट दर्ज रही। जोखिम से बचने की भावना ने निवेशकों के भरोसे को प्रभावित किया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आईटी क्षेत्र में लगातार कमजोरी ने बाजार पर दबाव बनाना जारी रखा।'' सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस का शेयर सबसे अधिक 7.09 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

### सेबी ने ब्रोकरों की शुद्ध संपत्ति की गणना के लिए दिया नया प्रस्ताव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को स्टॉक ब्रोकरों के लिए पूंजी की गणना के नियमों में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि ब्रोकरों के पास उनकी कारोबारी गतिविधियों और जोखिम के हिसाब से पर्याप्त पैसा उपलब्ध रहे। यह प्रस्ताव उस नई व्यवस्था के बाद आया है, जिसके तहत ब्रोकर ग्राहकों का पैसा सीधे समाशोधन निगम को भेजते हैं। इससे ब्रोकरों के पास बहुत कम ग्राहक फंड बचता है और मौजूदा गणना प्रणाली की उपयोगिता घट गई है। वर्तमान नियमों के अनुसार, 2022 में किए गए बदलाव के तहत ब्रोकर के पास पिछले छह महीनों में ग्राहकों का जो औसत नकद शेष रहता है, उसका 10 प्रतिशत जोड़कर उनकी परिवर्तनशील शुद्ध संपत्ति तय की जाती है। प्रत्यक्ष ग्राहकों के मामले में, जिन ब्रोकरों के पास 10,000 से अधिक और 50,000 तक सक्रिय ग्राहक होंगे, उन्हें 50 लाख रुपये की अतिरिक्त आवश्यकता होगी। इसके बाद प्रत्येक अतिरिक्त 50,000 ग्राहकों या उसके आंशिक हिस्से पर 50 लाख रुपये की और आवश्यकता होगी।

## शब्द पहेली - 6206



**बाएँ से दाए-**


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6205 का हल**





## बंगाल में भाजपा दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार में जुटी, मोदी का ममता पर निशाना

### आरजी कर पीड़िता की मां के इलाके में बोले-पीएम

# 'चार मई के बाद सारी फाइलें खुलेंगी, ये मोदी की गारंटी...'

एजेंसी ▶▶| पानिहाटी(कोलकाता)

पश्चिम बंगाल में पहले चरण का मतदान हो चुका है और अब भाजपा दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार में जुट गई है। आपको बता दें कि, भारतीय जनता पार्टी ने आरजी कर रेप पीड़िता की मां रत्ना देबनाथ को चुनावी समर में उतारा है। भाजपा ने उन्हें पानिहाटी से टिकट दिया है और पीएम मोदी उनके लिए प्रचार करने पानिहाटी पहुंचे हैं। पानिहाटी में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने तृणमूल कांग्रेस ( टीएमसी ) पर जमकर हमला बोला। इस विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि, बंगाल की बहनों को उनका ये भाई भरोसा देता है कि, बहनों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि होगी। पीएम ने आगे हुंकार भरते हुए कहा कि, 4 मई को भाजपा सरकार बनने के बाद उन पर हुए हर अन्याय, हर अत्याचार की फाइलें खुलेंगी और ये मोदी की गारंटी है।

- मोदी ने यादवपुर के बारुईपुर इलाके में भी रैली की





### बंगाल में 'परिवर्तन की लहर' पहले चरण के मतदान में स्पष्ट दिखाई दी

**कोलकाता (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान में स्पष्ट रूप से "परिवर्तन की लहर" दिखाई दी और यह तृणमूल कांग्रेस के ᳚महा जंगलराज᳚ के अंत का संकेत है। उत्तर 24 परगना जिले के दमदम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पानीहाटी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारी मतदान का मतलब भाजपा का समर्थन बढ़ना और तृणमूल की तानाशाही को नकारा जाना है। पश्चिम बंगाल में बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में 3.60 करोड़ मतदाताओं में से करीब 92 प्रतिशत ने मतदान किया। बंगाल में लंबे समय से जो बदलाव की लहर दिखाई दे रही थी।

### पीएम मोदी ने हुगली नदी में नाव की सवारी की

**हुगली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल में चुनावी प्रचार में जुटे हैं। इस बीच शुक्रवार को उन्होंने हुगली नदी पर सुकून भरे पल बिताए। पीएम मोदी ने इस दौरान नाव की सवारी की और फोटोग्राफी भी की। उन्होंने जिस नाविक की नाव में सवारी की, उसने इस पल को सपने जैसा बताया। पीएम मोदी ने जिस नाव पर बैठकर हुगली नदी के प्रिंसेप घाट पर बोटिंग की, वो नाविक गौरांग विश्वास की थी। गौरांग ने अपनी नाव में प्रधानमंत्री के बैठने पर खुशी जाहिर की और कहा उन्हें अपनी नाव में बैठाने का मौका मिलना उनके लिए बहुत बड़ी बात थी। गौरांग ने बताया कि जब पीएम मोदी उनकी नाव पर आए, तो उन्हें ऐसा लगा जैसे वो कोई सपना देख रहे हों। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने उनसे सिर्फ उनका नाम पूछा। इसके बाद नाव से उतरते समय उन्होंने खुद अपने हाथ से गौरांग तो 500 रुपये दिए। इससे पहले पीएम मोदी ने झाड़ग्राम में एक दुकान पर रुककर झालमुड़ी खाई थी। तब भी वो दुकानदार को 10 रुपए का नोट देकर झालमुड़ी खरीदते नजर आए थे।

- नाव चलाने वाले को गले लगाया और 500 दिए
- पांच दिन पहले झालमुड़ी खाई थी, 10 रुपये दिए थे

# पश्चिम बंगाल का वोटर टर्नआउट देखकर बहुत खुश हूं: सीजेआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुको में सुनवाई
- एसआईआर सूची से बाहर लोग- इस बार वोट नहीं डाल पाएंगे

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में हुई रिकॉर्ड वोटिंग की तारीफ की। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपिन पंचोली की बेंच ने राज्य में चुनावी हिंसा न होने पर संतोष जताया। सीजेआई ने कहा कि भारत के नागरिक के रूप में, मुझे मतदान प्रतिशत देखकर बहुत खुशी हुई। जब लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जिनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं, कि वे लोग समाधान के लिए कोर्ट की तरफ से नियुक्त 19 अपीलीय ट्रिब्यूनलों से संपर्क करें। कोर्ट बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव से पहले इस प्रक्रिया को रोकने से इनकार कर दिया था।

### सुको ने चुनाव ड्यूटी में लोगों की याचिका सुनने से इनकार किया

सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को उन विभिन्न लोगों की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिनके नाम पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से काट दिए गए थे। इनमें लगभग 65 चुनाव ड्यूटी अधिकारी भी शामिल थे।

## 'न्यायिक अधिकारियों का घेराव' मामला

### एनआईए को बंगाल की अदालत में आरोप-पत्र दाखिल करने की अनुमति



बंगाल, ओडिशा व झारखंड के 700 न्यायिक अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया में तैनात

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में एक अप्रैल को हुई उस सनसनीखेज घटना की जांच पूरी होने पर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को आरोप-पत्र दाखिल करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी, जिसमें मालदा जिले में एक भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को बंधक बना लिया था। पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के कुल 700 न्यायिक अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया में तैनात हैं, ताकि मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की 60 लाख से अधिक आपत्तियों का निपटारा किया जा सके। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पत्र पर स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें एक अप्रैल की रात की भयावह घटना का विवरण दिया गया था। सात न्यायिक अधिकारियों को भीड़ ने नौ घंटे से अधिक समय तक भोजन और पानी के बिना बंधक बनाकर रखा। इन अधिकारियों में तीन महिलाएं भी शामिल थीं। उन महिला अधिकारियों में से एक के साथ पांच साल का बच्चा भी था।

## अगले महीने 'अंग, बंग, कलिंग' में भाजपा की सरकारें होंगी: शाह

**कोलकाता (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में लोगों ने परिवर्तन के लिए पूरे उत्साह से मतदान किया और 'अंग, बंग और कलिंग' क्षेत्र में अगले महीने भाजपा की सरकार बनेगी। 'अंग, बंग, कलिंग' प्राचीन साम्राज्य थे, जो वर्तमान में असम, बंगाल और ओडिशा हैं।कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करेगी और बृहस्पतिवार को पहले चरण में हुए मतदान में शामिल 152 सीट में से 110 से अधिक सीट जीतेगी।

- अंग, बंग, कलिंग' प्राचीन साम्राज्य थे, जो वर्तमान में असम, बंगाल और ओडिशा हैं



### बंगाल में राजनीतिक हिंसा के खिलाफ कार्रवाई करेगी: शाह

**हिंगलगंज।** शाह ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद मवेशी तस्करी और राजनीतिक हिंसा में शामिल लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज में रैली को संबोधित किया।

## शाह बंगाल में भारी मतदान पर झूठा विमर्श गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं

**नई दिल्ली (भाषा)।** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ'ब्रायन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान के बारे में "फर्जी विमर्श" गढ़ने का शुक्रवार को आरोप लगाया और कहा कि 2026 में डाले गए कुल वोट असल में 2021 की तुलना में कम हैं। ओ'ब्रायन ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि पहले चरण में जिन 152 सीटों पर मतदान हुआ, उन पर 2021 में मतदाताओं की कुल संख्या 3.67 करोड़ थी, जबकि कुल डाले गए वोट 3.10 करोड़ थे, जो करीब 84 प्रतिशत मतदान था। 2026 में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद, इन सीटों के लिए मतदाताओं की कुल संख्या घटकर 3.33 करोड़ रह गई और डाले गए कुल वोट 3.09 करोड़ हैं, जो 92.70 मतदान प्रतिशत है। मतलब यह है 2026 में अधिक मतदान होने के बावजूद, कुल वोटों की संख्या असल में 2021 की तुलना में 83,674 कम है।

ओ'ब्रायन ने एक्स पर पोस्ट में किया दावा

2026 में डाले गए वोट असल में 2021 की तुलना में कम हैं



## ममता बनर्जी ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

**हावड़ा।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र पर राज्य के दो लाख करोड़ रुपये रोकने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को हावड़ा की चुनाव रैली में ममता ने कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य सुरक्षित हाथों में है और भाजपा को अपना ध्यान मणिपुर तथा नोएडा पर केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा पिछले चुनाव के मुकाबले आधी से भी कम सीटें हासिल करेगी। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने हावड़ा के जगतबल्लभपुर में एक रैली में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने राज्य की कल्याणकारी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस की विकास पहल आगे भी जारी रहेगी।



## बंगाल में ममता, केरल में कांग्रेस व तमिलनाडु में द्रमुक चुनाव जीत रही

**श्रीनगर (भाषा)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, केरल में कांग्रेस और तमिलनाडु में द्रमुक चुनाव जीत रही है। अब्दुल्ला ने हजरतबल में पत्रकारों से हालिया चुनावों के बारे में पूछे जाने पर कहा, "मैं आपको बताता हूं, और बाकी सब तो ईश्वर ही जानते हैं, बंगाल में ममता बनर्जी जीत रही हैं, केरल में कांग्रेस जीत रही है और तमिलनाडु में (एम के) स्टालिन की पार्टी द्रमुक जीत रही है। यह ईश्वर की कृपा है।" पश्चिम एशिया संघर्ष से संबंधित एक प्रश्न पर कहा कि शांति आवश्यक है और उन्होंने आशा व्यक्त की कि युद्ध जल्द से जल्द समाप्त हो जाएगा। केंद्र के 'नशा मुक्त भारत अभियान' को लेकर जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए जनता का समर्थन अनिवार्य है।



## खबर संक्षेप

### 12 साल पुराने मामले में सोमनाथ बरी

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने सोमनाथ भारती और 16 अन्य को 2014 में अफ्रीकी महिलाओं के साथ मारपीट मामले में बरी कर दिया है। यह फैसला अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने सुनाया। गवाही देने के लिए वे पेश नहीं हुईं।



### सम्राट सरकार ने हासिल किया विश्वास मत



**पटना।** बिहार में सम्राट चौधरी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान चौधरी ने यह प्रस्ताव पेश किया कि "सदन राज्य की वर्तमान मंत्रिपरिषद में अपना विश्वास व्यक्त करे।"

### जनगणना के लिए टोल फ्री नंबर 1855 शुरू

**नई दिल्ली।** भारत के महापंजीयक (आरजीआई) ने देश की जनगणना 2027 के पहले चरणः आवास सूचीकरण और आवास गणना (एचएलओ) से संबंधित प्रश्नों या मार्गदर्शन के लिए एक राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन, 1855 की शुरुआत की है। जनगणना आयुक्त ने जनता के लिए एक व्हाट्सएप चैटबॉट की भी शुरुआत की। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए एक पत्र में कहा कि 'हेल्पलाइन' की बहुभाषी सुविधा जनगणना कर्मियों, पर्यवेक्षकों और आम जनता की जरूरतों और प्रश्नों का समाधान करेगी।

## 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' वेब सीरीज पर केंद्र सरकार की रोक

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जीवन और उससे जुड़े घटनाक्रमों पर आधारित वेब सीरीज 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है। इसको लेकर पंजाब पुलिस ने केंद्र को पत्र लिख राज्य का माहौल खराब होने का हवाला देकर रोक की मांग की थी। दूसरी तरफ लॉरेंस के परिवार ने भी इस सीरीज का विरोध किया था। लॉरेंस बिश्नोई के परिवार ने इस सीरीज के कंटेंट, इसके निर्माण की प्रक्रिया और रिलीज होने के समय पर सवाल खड़े किए थे। वेब सीरीज बनाने के लिए न तो परिवार से परमिशन ली गई है और न ही सरकार से।

## मिलावटी चाय : 30 टन नकली पाउडर जब्त, 10 गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हैदराबाद फूड एडाल्टरेशन सर्विलांस टीम (एच-फास्ट) ने शुक्रवार को 15 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर करीब 3000 किलोग्राम मिलावटी चायपत्ति जब्त किया। इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। एच-फास्ट के प्रभारी डीसीपी गायकवाड़ वैभव रघुनाथ ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि शहर के कई गोदामों में बड़े पैमाने पर चायपत्ति में मिलावट की जा रही है। पुख्ता जानकारी जुटाने के बाद इन ठिकानों पर छापे मारे गए।

# खेड़ा को झटका, अग्रिम जमानत याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶| गुवाहटी

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। उनके खिलाफ हाल ही में गुवाहाटी में असम पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा मामला दर्ज किया गया था। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस पार्थिवज्योति सैकिया ने पवन खेड़ा की जमानत याचिका पर फैसला 21 अप्रैल को सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी। इसमें कहा गया कि मामले की जांच के लिए खेड़ा से हिरासत में पूछताछ करना आवश्यक था। हाई कोर्ट ने आगे कहा, 'इस मामले में ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे यह पता चले कि याचिकाकर्ता के खिलाफ लगाए गए आरोप उसे गिरफ्तार करवाकर उसे चोट पहुंचाने और अपमानित करने के इरादे से लगाए गए हैं।'

रिनिकी भुइयां पासपोर्ट विवाद



### यह है मामला

खेड़ा के खिलाफ हाल ही में मानहानि, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। यह मामला उनके हालिया दावों के बाद दर्ज किया गया था कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां के पास कई विदेशी पासपोर्ट और विदेशों में अघोषित संपत्तियां हैं। असम पुलिस ने 7 अप्रैल को दिल्ली स्थित खेड़ा के आवास का दौरा किया था, लेकिन वह वहां मौजूद नहीं थे। बाद में खेड़ा ने तेलंगाना हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने उन्हें 10 अप्रैल को एक सप्ताह की राहत दी थी ताकि वे असम की अदालतों में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर कर सकें।

# नरवणे ने राहुल के दावे को नकारा बोले-सरकार ने नहीं छोड़ा था अकेला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




पूर्व आर्मी चीफ चीफ जनरल एमएम नरवणे ने गुरुवार को कहा कि 2020 में चीन के साथ गतिरोध में सरकार ने सेना को अकेला नहीं छोड़ा था। सरकार पूरी तरह से सपोर्ट में थी और पूरा अधिकार दिया था कि हालात बिगड़ने पर चीनी सैनिकों पर गोलियां चला सकें। जनरल नरवणे ने गुरुवार को कुछ चैनल्स को दिए इंटरव्यू में अपनी किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' से जुड़े विवादों पर बात की। एक चैनल से बातचीत में कहा, 'जो उचित समझो वह करो' टिप्पणी सशस्त्र बलों पर सरकार के पूरे भरोसे को दर्शाती है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जमीनी स्थिति का जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों को फ्री हैंड दिया गया था। राहुल ने 2 और 3 फरवरी को संसद में नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' का हवाला देकर चीन घुसपैठ और अग्निवीर योजना के रीव्यू का मुद्दा उठाया था। इसके बाद उन्होंने दावा किया था कि सरकार ने सेना को अकेला छोड़ दिया था। इसके बाद वे किताब लेकर भी संसद पहुंचे थे। उनकी पुरानी किताब को अभी तक रक्षा मंत्रालय से क्लियरेंस न मिलने को लेकर पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मेरी किताब में कुछ बहुत संवेदनशील था, लेकिन अगर सरकार को लगा कि कुछ बातें सही नहीं बैठ रही हैं, तो ठीक है।'

## डीयू में राम : जानत तुम्हहि तुम्हइ होइ जाई पुस्तक का लोकार्पण




**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के महर्षि कणाद भवन सभागार में प्रोफेसर निरंजन कुमार द्वारा संपादित पुस्तक ᳚रामः जानत तुम्हहि तुम्हइ होइ जाई᳚ का लोकार्पण एवं परिचर्चा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आलोक कुमार;विशिष्ट अतिथि ऑर्गनाइजर पत्रिका के संपादक श्री प्रफुल्ल केतकर;कार्यक्रम के अध्यक्ष दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.योगेश सिंह; पुस्तक के संपादक एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. निरंजन कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि आलोक कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि राम भारतीय जीवन-दृष्टि के केंद्र में स्थित आदर्श हैं, जो केवल आस्था के विषय नहीं, बल्कि आचरण और व्यवहार के मानक भी हैं।

## मणिपुर में अंधाधुंध गोलीबारी तीन की मौत से मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶| इंफाल



मणिपुर में नई सरकार को गठन होने के बाद भी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य के उखरुल जिले में शुक्रवार को एक बार फिर हिंसक झड़प हो गई। नागा और कुकी आदिवासी समुदायों के हथियारबंद ग्रुप्स के बीच हुई अलग-अलग फायरिंग की घटनाओं में कम से कम तीन लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। घटना के बारे में जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकरी ने बताया कि हिंसा प्रभावित जिले के मुल्लम गांव के पास हुई एक घटना में सुरक्षा बलों ने दो शव बरामद किए। उखरुल जिला नागालैंड के साथ इंटर-स्टेट बॉर्डर और म्यांमार के साथ इंटरनेशनल बॉर्डर शेयर करता है, इसमें अधिकांश तंगखुल नागा समुदाय रहता है। दो पीड़ित की पहचान एल. सितल्हो और पी. हाओलाई के तौर पर हुई है।

### चौहान ने कृषि सम्मेलन का किया शुभारंभ

## कृषि का रोडमैप बनाकर करें कार्य तिलहन-दलहन से स्वरूप बदलेगा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को सेन्ट्रम होटल में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का दीप जलाकर शुभारंभ किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक राज्य कृषि का रोडमैप बनाकर कार्य करें। इसके अलावा नकली खाद व नकली पेस्टीसाइड के खिलाफ प्रभावी अभियान लेकर राज्य कठोर कार्रवाई कराएं। शिवराज ने कहा कि कृषि के मामले में हमारे तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहला देश की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना। दूसरा किसान की आय बढ़ाना और तीसरा पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराना। इसके साथ ही शिवराज ने देशभर के किसानों से अपील भी की और कहा कि दलहन, तिलहन के साथ ही प्रकृतिक खेती से कृषि का स्वरूप बदलेगा। किसानों को लाभ भी होगा।



## बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून की मांग को लेकर चल रहा था अनोखा विरोध

# 400 फुट ऊंचे टावर से उतरे खालसा, बोले 'हम जीत गए'

*12 अक्टूबर 2024 को टावर पर चढ़कर प्रदर्शन शुरू किया था*

एजेंसी ▶▶| पटियाला

पंजाब के समाना में पिछले 560 दिनों से 400 फुट ऊंचे मोबाइल टावर पर बैठकर विरोध कर रहे कार्यकर्ता गुरजीत सिंह खालसा आखिरकार शुक्रवार सुबह नीचे उतर आए। इसके साथ ही गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून की मांग को लेकर चल रहा उनका अनोखा आंदोलन समाप्त हो गया। 43 वर्षीय खालसा ने 12 अक्टूबर 2024 को पटियाला जिले के समाना क्षेत्र में स्थित टावर पर चढ़कर अपना प्रदर्शन शुरू किया था। उनकी मुख्य मांग गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के मामलों में कड़े कानूनी प्रावधान लागू करने की थी।

प्रशासन ने उनकी सुरक्षित वापसी के लिए विशेष इंतजाम किए थे









### प्रशासन और सेना की मदद से सुरक्षित उतारा गया

*शुक्रवार सुबह 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के नारों के बीच खालसा टावर से नीचे उतरे। प्रशासन ने उनकी सुरक्षित वापसी के लिए विशेष इंतजाम किए थे। सेना और दमकल विभाग की टीम ने इस अभियान में सहयोग किया। नीचे उतरने के तुरंत बाद उन्हें मेडिकल जांच के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया, जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद समर्थकों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया।*

### रस्सियों के जरिए भोजन और जरूरी सामान पहुंचाया जाता था

उल्लेखनीय है कि उन्हें टावर पर रहने के दौरान रस्सियों के जरिए भोजन और अन्य जरूरी सामान पहुंचाया जाता था। दरअसल, पंजाब सरकार ने हाल ही में 'जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026' को अधिसूचित किया है। इस कानून के तहत बेअदबी के मामलों में आजीवन कारावास और 25 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

### बेअदबी कानून पंजाब विधानसभा में सर्वसम्मति से हुआ था पारित

यह विधेयक 13 अप्रैल को पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में सर्वसम्मति से पारित हुआ था और राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू किया गया। इसी के बाद गुरजीत सिंह खालसा ने अपना आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया।

चिंतन

# आम आदमी पार्टी का सबसे कठिन दौर

आम आदमी पार्टी (आप) का वर्तमान संकट केवल कुछ नेताओं के जाने भर की घटना नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक प्रयोग की परीक्षा है, जिसने कभी व्यवस्था परिवर्तन का दावा किया था। आप का यह दौर इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि सवाल अब व्यक्तियों से आगे बढ़कर नेतृत्व, विचारधारा और संगठनात्मक ढांचे पर उठने लगे हैं। अब जो चल रहा है वह शीर्ष नेतृत्व की विफलता को दर्शाता है। पार्टी गठन के कुछ समय बाद ही उसके संस्थापक सदस्यों का पार्टी छोड़ना शुरू हो गया था। सबसे पहले पूर्व आईपीएस किरण बेदी पार्टी से अलग हुई, जो पार्टी का बड़ा चेहरा थी। इसके बाद योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास, मयंक गांधी, आशुतोष, अंजलि दमानिया और अब राघव चड्ढा समेत पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों का पार्टी छोड़ना एक बड़े बिखराव का संकेत है। इनके अलावा भी कई नाम तो लोगों की स्मृतियों से भी गायब हो चुके हैं। सात सांसदों का एक साथ पार्टी छोड़ना कोई बड़ी बात नहीं हैं। राघव चड्ढा और स्वाति मालिवाल को छोड़ दें तो बाकी पांच राज्यसभा सांसदों संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी और राजेंदर गुप्ता को किस आधार पर सांसद बनाया गया, इसका जवाब तो खुद पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के पास भी नहीं होगा। अब इनके भाजपा में जाने पर आप दावा कर रही है कि इन लोगों ने पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात किया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब पंजाब के लोगों ने इन्हें चुना ही नहीं तो विश्वासघात कैसे हुआ। इन्हें तो आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुना है। इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि आप में बिखराव का दौर शुरू हो चुका है। केजरीवाल का जो आकर्षण 12 साल पहले था, वह अब नहीं रहा। खासतौर पर केजरीवाल अब उन लोगों से ही मिल गए, जिन्हें वह अपनी राजनीति के शुरुआती दौर में कोसते थे। जिस खास मकसद के लिए आप का गठन हुआ, अब वह कहीं नहीं दिखता। आप अपने नाम के मुताबिक आम सी पार्टी बनकर रह गई है। यदि वास्तव में राज्यसभा के कई सांसद एक साथ पार्टी छोड़ने का निर्णय लेते हैं, तो यह संगठनात्मक असंतोष की गहराई को दर्शाता है। यह भी समझना जरूरी है कि आम आदमी पार्टी की सफलता मुख्यतः दिल्ली और पंजाब तक सीमित रही है। राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की जो महत्वाकांक्षा थी, वह जमीन पर साकार नहीं हो सकी। गुजरात, गोवा, उत्तराखंड जैसे राज्यों में पार्टी ने प्रयास जरूर किए, लेकिन वह स्थायी जनाधार बनाने में विफल रही। इसका कारण केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि स्थानीय नेतृत्व के अभाव और रणनीतिक अस्थिरता भी है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अरविंद केजरीवाल की व्यक्तिगत छवि, जो कभी सादगी और संघर्ष का प्रतीक थी, अब वैसी नहीं रही। सत्ता में आने के बाद जिस तरह के समझौते और राजनीतिक व्यवहार देखने को मिले, उन्होंने उस नैतिक बढ़त को कमजोर किया है, जो पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी थी। अब जरूरी है कि आप का नेतृत्व आत्ममंथन करे, संगठन को विकेंद्रीकृत बनाए और उन मूल सिद्धांतों की ओर लौटे, जिनके आधार पर यह आंदोलन खड़ा हुआ था। अरविंद केजरीवाल को यह समझना होगा कि करिश्मा और केंद्रीकरण के दम पर राजनीति लंबे समय तक नहीं चलती। यदि पार्टी को बचाना है तो उसे अपने मूल सिद्धांतों पारदर्शिता, आंतरिक लोकतंत्र और जवाबदेही की ओर लौटना ही होगा। अन्यथा, यह संकट एक चेतावनी नहीं बल्कि अंत की शुरुआत साबित हो सकता है।



जागरूकता
डॉ. घनश्याम बादल

# उच्च मतदान और खामोश जनादेश

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल दोनों ही राज्यों ने इस बार लोकतंत्र की किताब में एक लंबी रेखा खींच दी है। 80 प्रतिशत से ऊपर का मतदान केवल आंकड़ा नहीं होता, यह जनमानस की बेचैनी, उम्मीदों का प्रतीक है। तमिलनाडु में लगभग 82 से 85 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में करीब 89–90 प्रतिशत मतदान ने स्पष्ट कर दिया है कि यह चुनाव "रूटीन" चुनाव नहीं अपितु निर्णायक जनादेश है, टकरावपूर्ण है और परिणामों को लेकर असाधारण अनिश्चितता से भरा हुआ है। लोकतंत्र की इस ऊंची भागीदारी ने एक बात तो तय कर दी है, सत्ता चाहे जिसके हाथ में जाए, उसे अब "चुनकर आए होने" से ज्यादा "लगातार जवाबदेह रहने" की कड़ी परीक्षा भी देनी होगी।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 23 अप्रैल का दिन और बातों के लिए याद किया जाए ना किया जाए, लेकिन इस बात के लिए ज़रूर याद किया जाएगा कि अब मतदाताओं की जागरूकता उच्चतम स्तर पर है। इसका स्पष्ट प्रमाण है तमिलनाडु एवं बंगाल में हुए उच्च मतदान का प्रतिशत। इतना ऊंचा मतदान प्रतिशत कम ही देखने को मिलता है तो इस उच्च मतदान प्रतिशत का आकलन भी लीक से हटकर ही होगा। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल दोनों ही राज्यों ने इस बार लोकतंत्र की किताब में एक लंबी रेखा खींच दी है। 80 प्रतिशत से ऊपर का मतदान केवल आंकड़ा नहीं होता, यह जनमानस की बेचैनी, उम्मीदों का प्रतीक है। तमिलनाडु में लगभग 82 से 85 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में करीब 89–90 प्रतिशत मतदान ने स्पष्ट कर दिया है कि यह चुनाव "रूटीन" चुनाव नहीं अपितु निर्णायक जनादेश है, टकरावपूर्ण है और परिणामों को लेकर असाधारण अनिश्चितता से भरा हुआ है।

तमिलनाडु की राजनीति पर नजर डालें तो यहां की परंपरा रही है कि सत्ता विरोधी लहर अक्सर चुपचाप बनती है और मतदान के दिन अचानक प्रकट होती है। इस बार का ऊंचा मतदान इसी संभावना को हवा देता है, लेकिन तस्वीर इतनी सीधी भी नहीं है। मुख्यमंत्री स्टालिन के नेतृत्व में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कडगम ने कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय अस्मिता के सहारे अपना एक ठोस आधार खड़ा किया है। दूसरी ओर, पलानी स्वामी की अगुवाई में विपक्ष ने संगठन, जातीय समीकरण और एंटी-इंकम्बेंसी को हथियार बनाया है। सवाल यह है कि 80 प्रतिशत से अधिक मतदान किसके पक्ष में झुका है? इतिहास बताता है कि तमिलनाडु में उच्च मतदान हमेशा सत्ता परिवर्तन का संकेत नहीं रहा, बल्कि कल्याणकारी राजनीति की स्वीकार्यता को भी पुष्ट करता है। महिलाओं, ग्रामीण मतदाताओं और लाभार्थी वर्ग की बड़ी भागीदारी सत्तारूढ़ पक्ष के लिए राहत का संकेत हो सकती है। यही वह "साइलेंट वोटर" है, जो कैमरों से दूर रहता है, लेकिन ईवीएम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। इसलिए इस चुनाव में सीधी लहर की बजाय "माइक्रो-स्विंग" निर्णायक भूमिका निभाएगा। तमिलनाडु में मुकाबला भले ही कड़ा हो, लेकिन बढ़त सत्तारूढ़ खेमे की तरफ झुकी दिखती है। विभिन्न सर्वे एवं आकलनों के अनुसार द्रमुक गठबंधन को लगभग 120 से 145 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि अन्नाद्रमुक गठबंधन 80 से 105 सीटों के बीच सिमट सकता है। अन्य दल 5 से 10 सीटों के दायरे में रह सकते हैं। यह परिणाम किसी सुनामी का नहीं, बल्कि एक नियंत्रित बढ़त का संकेत होगा, जहां सत्ता विरोधी भावनाएं मौजूद हैं, पर वे निर्णायक रूप से सत्ता पलटने लायक नहीं बन पाईं। इसका दूसरा निहितार्थ यह भी है कि केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा पूरा जोर लगाने के बावजूद भी तमिलनाडु की जनता भले ही स्टालिन और डीएमके के नंबर काटे मगर सत्ता की बागडोर उन्हीं के हाथों रहेगी। वैसे एक संभावना यह भी बनती है कि दोनों ही गठबंधन इतने पास-पास हो कि जनादेश एक तरफ धरा रह जाए और जोड़-तोड़ की राजनीति के माहिर सत्ता की लगाम अपने हाथों में ले लें। अब वर्तमान राजनीति के सबसे गम बिंदु पश्चिम बंगाल की बात करें तो वहां राजनीति हमेशा



तापमान के चरम पर चलती है। लगभग 90 प्रतिशत मतदान केवल उत्साह नहीं, बल्कि ध्रुवीकरण की पराकाष्ठा का संकेत है। यहां हर वोट के पीछे एक स्पष्ट राजनीतिक संदेश छिपा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने अपने 15 वर्ष के शासन में ग्रामीण नेटवर्क, महिला मतदाताओं और क्षेत्रीय पहचान को अपने पक्ष में मजबूत किया है, जबकि भाजपा ने आक्रामक चुनावी रणनीति, केंद्रीय मुद्दों और संगठनात्मक विस्तार के जरिए मुकाबले को द्विध्रुवीय बना दिया है। बंगाल में इतना भारी मतदान दो तरह की संभावनाएं पैदा करता है। एक, यह सत्ता के खिलाफ असंतोष का विस्फोट हो सकता है; दो, यह सत्तारूढ़ दल की मजबूत ज़मीनी पकड़ का प्रमाण भी हो सकता है, जिसने हर मतदाता को बूथ तक पहुंचाया। फर्क सिर्फ इतना है कि किसकी "मोबिलाइजेशन मशीन" ज्यादा प्रभावी रही। बंगाल का इतिहास बताता है कि यहां का उच्च मतदान अक्सर सत्तारूढ़ दल के पक्ष में भी जाता है, क्योंकि उसका कैडर नेटवर्क ज्यादा संगठित और आक्रामक होता है। इस पृष्ठभूमि में यदि विभिन्न एजेंसियों के आकलन की बात की जाए तो बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को बढ़त मिलती दिख रही है, लेकिन यह बढ़त आरामदेह नहीं होगी। उसे 140 से 170 सीटें मिल सकती हैं, जबकि भाजपा 110 से 140 सीटों के बीच कड़ी टक्कर देती नजर आ रही है। वाम-कांग्रेस गठबंधन हाशिये पर सिमटकर 5 से 15 सीटों तक सीमित रह सकता है। यह परिणाम बताता है कि बंगाल में "लड़ाई खत्म नहीं हुई", बल्कि और तेज हो गई है। एक और बात इन चुनाव में ओवैसी और हुमायूं कबीर के प्रभाव के चलते मुस्लिम मतदाता भी परिणाम को काफी हद तक प्रभावित करेंगे। दोनों राज्यों के मतदान प्रतिशत को एक साथ रखकर देखें तो एक दिलचस्प समानता सामने आती है,उच्च मतदान ने सत्ता के खिलाफ असंतोष को पूरी तरह निर्णायक नहीं बनने दिया, लेकिन उसे पूरी तरह दबाया भी नहीं। यह स्थिति भारतीय लोकतंत्र की उस जटिलता को दर्शाती है, जहां मतदाता एक साथ दो संदेश देता है-"हम संतुष्ट नहीं हैं" और "हम पूरी तरह असंतुष्ट भी नहीं हैं।" सार रूप में कहें तो यह चुनाव परिणाम "जनादेश की गूंज" से ज्यादा "जनभावना की खामोश सरसराहट" होंगे। तमिलनाडु में यह सरसराहट सत्तारूढ़ द्रविड़ राजनीति के पक्ष में झुकी हुई है, जबकि बंगाल में यह दो ध्रुवों के बीच बंटी हुई है, जहाँ हर सीट पर संघर्ष आखिरी वोट तक जाएगा।

अंततः, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इस बार के चुनावों ने राजनीतिक दलों को एक स्पष्ट संदेश दिया है- मतदाता अब केवल नारों से संतुष्ट नहीं होता, वह भागीदारी चाहता है, परिणाम चाहता है और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए घर से बाहर निकलने को तैयार है। 80 और 90 प्रतिशत के आंकड़े इसी जागरूकता के प्रमाण हैं। आकलन के अनुसार तो तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन सत्ता में वापसी करता दिख रहा है और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस फिर से सरकार बनाती नजर आ रही है लेकिन भाजपा भी कड़े और आक्रामक विपक्ष के रूप में इन दोनों राज्यों में खुद को स्थापित करती हुई दिखाई दे रही है। वैसे एक और बड़ा सत्य यह भी है कि भारतीय मतदाता के मन की तरह कभी कोई सर्वे एजेंसी या चुनावी सर्वेक्षण के एग्जिट पोल अथवा प्री पोल पकड़ ही नहीं पाए हैं। सारे आकलन एक तरफ और मतदाता का जनादेश एक तरफ होते रहे हैं। यदि इस बार भी ऐसा हो जाए तो आश्चर्य नहीं। लोकतंत्र की इस ऊंची भागीदारी ने एक बात तो तय कर दी है, सत्ता चाहे जिसके हाथ में जाए, उसे अब "चुनकर आए होने" से ज्यादा "लगातार जवाबदेह रहने" की कड़ी परीक्षा भी देनी होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सारा संसार



कनिपकम विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुपति से लगभग 75 किलोमीटर दूरी पर स्थित भारत के प्राचीन गणेश मंदिर में से एक है, जो अपनी ऐतिहासिक संरचना और आंतरिक डिजाइन के लिए जाना जाता है। भगवान गणेश जी को समर्पित कनिपकम विनायक मंदिर का निर्माण चोल राजा कुलोथिंग्स चोल प्रथम ने 11वीं शताब्दी में लोगों के बीच विवाद को सुलझाने और बुराई को खत्म करने के लिए किया था।

## जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

## योजना बनाकर किए काम में सफलता संभव



संकलित
प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

विश्व मलेरिया दिवस
बाल मुकुन्द ओझा



# मलेरिया के खिलाफ एकजुट प्रयास जरूरी

विश्व मलेरिया दिवस प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है। दुनियाभर में हर साल मलेरिया के लाखों मामले सामने आते हैं। मलेरिया से मरने वालों की संख्या भी काफी ज्यादा होती है। विश्व मलेरिया दिवस हर साल एक थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल 2026 की थीम मलेरिया के खिलाफ एकजुट रखी गई है। यह थीम कार्रवाई करने और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध साधनों और रणनीतियों का उपयोग करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करती है। इस थीम के पीछे का मकसद लोगों को मलेरिया से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए जागरूक करना है। भारत इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयासशील है। भारत ने हाल के वर्षों में मलेरिया उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है और इसके लिए वैश्विक स्तर पर भारत की प्रशंसा की गई है। वैश्विक स्तर पर 2024 में अनुमानित 28.2 करोड़ (282 मिलियन) मलेरिया के मामले और 6,10,000 मौतें दर्ज की गईं, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 90 लाख अधिक मामले हैं। वर्ष 2000 से अब तक, वैश्विक स्तर पर 2.3 अरब मलेरिया के मामलों और 1.4 करोड़ मौतों को रोका गया है, जिसमें अकेले 2024 में 10 लाख जीवन बचाए गए।

अब तक 47 देशों और एक क्षेत्र को मलेरिया मुक्त दर्जा मिल चुका है, जिसमें 2025 में मिस्र और तिमोर-लेस्ते शामिल हैं। हालांकि अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मलेरिया के सकारात्मक मामलों में तीन साल के औसत की तुलना में 11.91 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि 2024 की इसी अवधि की तुलना में 4.2 प्रतिशत की कमी आई थी। भारत सरकार 2030 तक मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य पर अडिग है और 2027 तक शून्य स्वदेशी मामलों तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। मलेरिया तेज बुखार वाली बीमारी है। यह संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर साफ पानी में अंडे देती है। इस रोग को फैलाने वाले परजीवी को प्लाज्मोडियम कहते है। वहीं गर्मी में मौसमी बीमारियों के बढ़ने का भी खतरा होने लगता है। ऐसे में हम सभी को मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों से सतर्कता और जागरूकता रखनी चाहिए। मच्छरों से बचाव के लिए आप अपने घर के आसपास पानी न भरने दें। बारिश के मौसम में किसी भी कंटेनर आदि में पानी जमा न होने दें और समय-समय पर कूलर को साफ करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार हमारे देश में मुख्यतः दो प्रकार का मलेरिया पाया जाता है। प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम एवं प्लाज्मोडियम वाइवैक्स। ये मच्छर जब मलेरिया से ग्रसित व्यक्ति को काटता है, तब उसके खून में मौजूद प्लाज्मोडियम को अपने शरीर में खींच लेता है। लगभग आठ से दस दिन तक ये मच्छर मलेरिया फैलाने में सक्षम हो जाता है। यह परजीवी लार के साथ उसके शरीर में प्रवेश कर जाता है, जिससे स्वस्थ व्यक्ति भी मलेरिया से ग्रसित हो जाता है, इसलिए हमें पूरी सावधानी रखनी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अंतर्मन




आज की पाती

### चुनावी भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा

एक खबर के अनुसार पश्चिम बंगाल और तमिलनाडू में चुनाव आयोग ने चुनाव पूर्व छापे मारकर लगभग 1072.13 करोड़ रुपए, जिसमें नगदी, शराब और ड्रग्स शामिल हैं, जब्त किए। प्रत्यक्ष रूप से जब करोड़ों के चुनावी भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हुआ है, तब अप्रत्यक्ष रूप से कितना और भ्रष्टाचार होगा, जिसकी कल्पना करना मुश्किल है। बढ़ती भ्रष्ट चुनावी प्रथा जहां चिंतनीय है, वहीं स्वच्छ व कुशल सुशासन जनता को मिले, इसमें भी संदेह उत्पन्न होना स्वाभाविक है। हद हो गई कि जहां चुनाव में ही अरबों रुपए मय शराब और ड्रग्स के खर्च होते हों, तब राजनीतिक पार्टियों द्वारा देश से भ्रष्टाचार ख़त्म करने और सुशासन लाने की घोषणाएं बेमानी ही लगती हैं।

- अवनी, निजामपुर

करंट अफेयर

## हिंदू कुश हिमालय में चौथे साल बर्फ की मात्रा कम

एक रिपोर्ट के अनुसार गंगा बेसिन 2026 में सामान्य से अधिक बर्फ वाले 12 क्षेत्रों में शामिल रहा जबकि हिंदू कुश हिमालय में बर्फ की मात्रा लगातार चौथे वर्ष सामान्य से कम रही और पिछले वर्ष के रिकॉर्ड-निम्न स्तर से भी नीचे चली गयी। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। 'इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट' (आईसीआईएमओडी) द्वारा जारी हिंदू कुश हिमालय (एचकेएच) संबंधी एक वार्षिक रिपोर्ट है। आईसीआईएमओडी एचकेएच क्षेत्र में मौसमी हिमपात पर नजर रखता है और नवंबर से मार्च तक शीतकालीन महीनों में बर्फ की स्थिति का आकलन करता है। वर्ष 2003 से 2026 के बीच, एचकेएच क्षेत्र में 14 ऐसी सर्दियां रहीं जब सामान्य से कम बर्फ जमी। यह एक आवर्ती पैटर्न के रूप में उभर रहा है, विशेष रूप से हाल के वर्षों में ऐसी प्रवृति में वृद्धि नजर आयी है। एचकेएच संबंधी अद्यतन रिपोर्ट में कहा गया है, ''2026, लगातार चौथा वर्ष है जब बर्फ की मात्रा सामान्य से कम है। बर्फ की मात्रा औसत से 27.8 प्रतिशत कम होकर पिछले वर्ष के 23.6 प्रतिशत के रिकॉर्ड निम्न स्तर से भी कम हो गई।'' इस रिपोर्ट में कहा गया है, ''लगातार हो रही यह गिरावट दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला में मौसमी बर्फ भंडार के कम होने का संकेत देती है।



ऑफ बीट

## अनिद्रा अपने आप में एक बीमारी, इलाज की जरूरत

अनिद्रा यानी नींद न आने की समस्या संभवतः प्राचीनकाल से ही इनसानों को परेशान करती आ रही है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पिछले 20 वर्षों में इसकी समझ हासिल करने की कोशिशों में काफी प्रगति की है। अनिद्रा को लेकर वैज्ञानिकों की समझ में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह यह है कि ज्यादातर मामलों में इसकी शिकायत शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी अन्य समस्या के कारण उभरती है। अनिद्रा के शिकार अधिकांश लोगों को डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, थॉयरॉयड, पेट से जुड़ी समस्याओं, लंबे समय से बरकरार दर्द, बेचैनी या अवसाद की शिकायत होती है। अनिद्रा जब किसी दूसरी बीमारी या समस्या का नजीता होती है, तो उसे सेकेंडरी इंसोमेनिया कहा जाता है। यही कारण है कि पहले डॉक्टर अक्सर सिर्फ मुख्य बीमारी का इलाज करते थे और सेकेंडरी इंसोमेनिया का अलग से उपचार करने पर ध्यान नहीं देते थे। हालांकि, 2000 के दशक की शुरुआत में शोध और नैदानिक अनुभव, दोनों से पता चला कि यह तरीका सही नहीं है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कुछ मामलों में अनिद्रा की शिकायत किसी मुख्य बीमारी के उभरने से पहले से ही हो सकती है, जबकि कुछ मामलों में यह उसके ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रह सकती है।



ट्रेंड

### बंगाल की समृद्धि



हर बंगाली के लिए गंगा नदी का विशेष महत्व है। कह सकते हैं कि गंगा बंगाल की आत्मा में बहती है। हुगली नदी पर, हमने पश्चिम बंगाल के विकास और महान बंगाली जनता की समृद्धि के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### स्वच्छ ऊर्जा आत्मनिर्भरता



आज अनाकापल्ली जिले में रीन्यू के शिलान्यास ने स्वच्छ ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 5,400 करोड़ के निवेश से कंपनी स्वच्छ ऊर्जा से संचालित 6.5 गीगावाट का सौर इनगॉट-वेफर संयंत्र स्थापित कर रही है।

**- एन. चंद्रबाबू नायडू,** सीएम, आंध्र प्रदेश

### गुजराती झुकेंगे नहीं



आम आदमी पार्टी द्वारा निडर होकर जनता की आवाज़ उठाना और सत्ता में बैठे लोगों को चुनौती देना... शायद कुछ लोगों को यह बर्दाश्त न हो। लेकिन अब गुजरात की जनता ने ठान लिया है कि वे गुंडागर्दी के आगे नहीं झुकेंगे।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### राष्ट्रीय पंचायती राज




राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। पंचायती राज संस्थाएं हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं। भारत की वास्तविक शक्ति उसके गांवों में निहित है, और इसलिए, गांवों का सशक्त विकास ही राष्ट्र की प्रगति का मार्ग है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# प्रफुल्ल और वैभव फिर आमने-सामने, जरूरी अंक हासिल करने भिड़ेंगे राजस्थान और हैदराबाद



एजेंसी ▸▸ जयपुर

राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शनिवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश अपने घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने के साथ-साथ दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले का हिसाब बराबर करने की भी होगी।।यह मुकाबला आईपीएल के इस चरण में बेहद अहम माना जा रहा है, जहां दोनों टीमें जरूरी अंक हासिल करने की कोशिश में होंगी। सनराइजर्स ने प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की शानदार गेंदबाजी के बूते दोनों टीमों के बीच 13 अप्रैल को खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 57 रन से जीता था। रॉयल्स ने हालांकि उस हार से उबरते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 40 रन की जीत से अच्छी वापसी की है।

### दोनों टीमों में बढ़त को लेकर टक्कर

रायल्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद इस सत्र में उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए चौथे स्थान पर है, लेकिन उनकी आक्रामक बल्लेबाजी किसी भी टीम के लिए खतरा बनी हुई है। रॉयल्स को दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मुकाबले में हर विभाग (पावरप्ले, मध्य ओवर और आखिरी ओवर) में संघर्ष करना पड़ा था, और टीम इस बार माकूल जवाब देने के इरादे से उतरेगी।



## लगातार जीत से गरजती पंजाब किंग्स दिल्ली कैपिटल्स के लिए कड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को होने वाले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। इसके लिए उसके ज्यादातर खिलाड़ियों को एक साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली फिलहाल अंकतालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। उनका एकमात्र अंक तब गया था जब कोलकाता में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।



## खबर संक्षेप

### शुभंकर और युवराज की धीमी शुरुआत

**शंघाई।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और युवराज संधू ने शंघाई में चल रहे वोल्वो चाइना ओपन के पहले दौर में धीमी शुरुआत की। पिछले सप्ताह भारत में खिताब जीतने वाले शुभंकर एक अंडर 70 के स्कोर के साथ संयुक्त 48वें स्थान पर रहे, जबकि युवराज संधू नौ ओवर 80 का कार्ड खेलकर 153वें स्थान पर खिसक गए। संधू को कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में चमत्कारी प्रदर्शन करना होगा।



### पांच बर्डी लगाकर दीक्षा संयुक्त 11वें स्थान पर



**केपटाउन।** भारत की दीक्षा डागर ने आखिरी 9 होल में 5 बर्डी लगाते हुए दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में पांच-अंडर 68 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन की वर्ष 2019 की चैंपियन दीक्षा पार 73 वाले रॉयल केप गोल्फ क्लब में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में भाग ले रही छह भारतीय गोल्फरों में सर्वश्रेष्ठ रहीं। प्रणवी उर्स (70) संयुक्त 20वें, जबकि हिताशी बक्शी और अवनी प्रशांत (73) संयुक्त 64वें स्थान पर रहीं। त्वेसा मलिक (74) और वाणी कपूर (75) क्रमशः संयुक्त 82वें और 92वें स्थान पर हैं, और कट में जगह बनाने के लिए उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### अभय और निपम ने 100 मी स्पर्धा जीती


**तुमकुर (गुजरात)।** रिलायंस के अभय सिंह ने राष्ट्रीय जूनियर अंडर-20 एथलेटिक्स में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ 10.41 सेकंड के मीट रिकॉर्ड समय के साथ जीती। कई एथलीटों ने एशियाई जूनियर क्वालीफिकेशन मार्क भी पार कर लिया। अभय का समय एशियाई जूनियर क्वालीफिकेशन समय 10.46 सेकंड और 2018 में गुरिंदरवीर सिंह द्वारा बनाए गए 10.47 सेकंड के मीट रिकॉर्ड से बेहतर था। उत्तर प्रदेश की निपम ने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में 11.53 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2025 में कोच्चि में हुए टूर्नामेंट के दौरान अभिनया राजाराजन द्वारा बनाए गए 11.54 सेकंड के पिछले जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर बनाया।

## विराट और पडिक्कल ने खेली अर्धशतकीय पारी

# कोहली और देवदत्त का धमाल, आरसीबी ने गुजरात टाइटन्स को 5 विकेट से हराया

भाषा ▸▸ बेंगलुरु

देवदत्त पडिक्कल ने 55 रन और विराट कोहली ने 81 रन की बेहतरीन पारियां खेलीं जो साई सुदर्शन के शतक पर भारी पड़ गईं जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हरा दिया। पडीक्कल और कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी से आरसीबी लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गई। टीम ने अंत में 18.5 ओवर में 206 रन का लक्ष्य पूरा कर लिया और 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। जैकब बेथेल के जल्दी आउट होने के बाद कोहली और पडीक्कल ने आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटन्स के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। उनका अंदाज पहली पारी में उनके प्रतिद्वंद्वियों द्वारा संभलकर रन बनाने के तरीके से बिल्कुल अलग था। कोहली ने जब खाता भी नहीं खोला था तब मोहम्मद सिराज की गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने उनका कैच छोड़ दिया था। कोहली ने पिच के उछाल को बखूबी भांपते हुए प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा का आसानी से सामना किया। कोहली ने चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दबदबा बनाया और 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।



मैन ऑफ द मैच

81 रन | 44 गेंद | 08 चौके | 04 छक्के

दूसरी ओर पडीक्कल भी उतने ही शानदार लय में थे। उन्होंने कर्नाटक के अपने साथी खिलाड़ी प्रसिद्ध की गेंदों पर दो छक्के जड़े और राशिद की गेंद पर भी एक छक्का लगाया। उन्होंने अपने सीनियर खिलाड़ी (कोहली) से 10 गेंदें कम खेलकर अपना अर्धशतक पूरा किया। देवदत्त को राशिद खान ने एक बेहतरीन गेंद पर आउट किया तो कोहली को जेसन होल्डर की एक उछाल भरी गेंद ने बोल्ड किया। इससे टीम थोड़ी मुश्किल में पड़ गई क्योंकि उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के विकेट भी गंवा दिए जिससे उनका स्कोर 173 रन पर पांच विकेट हो गया। लेकिन कृणाल पांड्या (नाबाद 23 रन, 12 गेंद) और टिम डेविड (नाबाद 10 रन) ने वहां से टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस तरह आरसीबी ने अपने घरेलू मैदान पर खेले गए पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की।

इससे पहले सुदर्शन ने 100 रन की शानदार पारी खेली जिसकी बदौलत गुजरात टाइटन्स ने तीन विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। गुजरात टाइटन्स की पारी के 12.4 ओवर टी20 बल्लेबाजी के बिल्कुल उलट थे जिसमें पूर्व चैंपियन टीम ने यह साबित कर दिया कि इस प्रारूप में बिना आक्रामकता के भी रन बनाए जा सकते हैं। सुदर्शन ने आईपीएल में अपने तीसरे शतक के लिए 58 गेंद की पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए। उनकी पारी टीम के लिए मजबूत नींव साबित हुई। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने सलामी जोड़ीदार और कप्तान शुभमन गिल (32 रन, 24 गेंद) के साथ 128 रन की साझेदारी में शुरू से ही पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा सुदर्शन ने पावरप्ले के दौरान 29 जबकि गिल ने सिर्फ सात गेंदें खेली थीं। तमिलनाडु के 24 साल के तमिलनाडु के इस बल्लेबाज ने पावरप्ले में 46 रन बनाए और फिर 33 गेंदों में बड़े ही शानदार अंदाज में अपना अर्धशतक पूरा किया, जिसके लिए उन्होंने रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर एक जोरदार छक्का जड़ा। वह अपनी इस पारी के दौरान आईपीएल में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। अगले पचास रन उन्होंने और भी तेज गति से बनाए जिसके लिए उन्होंने सिर्फ 24 गेंद लीं।

### गुजरात-205/3

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सुदर्शन का एवं बो हेजलवुड | 100 |
| गिल का पडिक्कल बो सूयश | 32 |
| बटलर का हेजलवुड बो भुवनेश्वर | 25 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 19 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 23 |

अतिरिक्त : 06
कुल : 20 ओवर में तीन विकेट पर 205 रन
विकेट पतन : 1-128, 2-160, 3-177
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-31-1, हेजलवुड 4-0-40-1, रसिख सलाम 3-0-28-0, कृणाल पांड्या 4-0-50-0, शेफर्ड 1-0-17-0, सूयश शर्मा 4-0-36-1

### बेंगलुरु-206/5

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| बेथेल का शाहरूख बो सिराज | 14 |
| विराट कोहली बो होल्डर | 81 |
| देवदत्त पडीक्कल का राशिद खान | 55 |
| रजत पाटीदार का सुंदर बो सुथार | 08 |
| जितेश का सुथार बो राशिद खान | 10 |
| टिम डेविड नाबाद | 10 |
| कृणाल पांड्या नाबाद | 23 |

अतिरिक्त : 05
कुल : 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 206 रन
विकेट पतन : 1-26, 2-141, 3-154, 4-171, 5-173
गेंदबाजी : सिराज 3-0-25-1, रबाडा 4-0-45-0, जेसन होल्डर 3.5-0-35-1, प्रसिद्ध कृष्णा 2-0-31-0, राशिद खान 4-0-49-2, मानव सुथार 2-0-19-1

## भारतीय पुरुषों ने कनाडा को 4-1 से हराया, महिला टीम मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हारी

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** लक्ष्य सेन को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा लेकिन आयुष शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की जिससे 2022 के चैंपियन भारत ने शुक्रवार को यहां थॉमस कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में कनाडा पर 4-1 से शानदार जीत हासिल की। हालांकि महिला वर्ग में भारत को निराशा हाथ लगी। उबेर कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में भारत मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गया। लक्ष्य सेन को शानदार प्रयास के बावजूद दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई से 18-21, 21-19, 21-10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जोनाथन बिंग त्सान लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हाल में हुई एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता 20 वर्षीय आयुष ने फिर दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी ब्रायन यांग को 39 मिनट में 21-13, 21-17 से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरी युगल जोड़ी हरिहरन अमसकरुणन और एम आर अर्जुन ने टाइ अलेक्जेंडर लिंडेमैन और नाइल याकुरा पर 21-7, 21-15 की शानदार जीत के साथ भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

## धुरंधर ऑलराउंडर सूजी बेट्स ने किया संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर सूजी बेट्स 2026 टी20 वर्ल्ड कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो जाएंगी। सूजी बेट्स ने हाल ही में इंजरी से वापसी की है और वह इंग्लैंड की मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने को तैयार है। अभी न्यूजीलैंड महिला टीम का ऐलान इस टूर्नामेंट के लिए नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड अभी टी20 वर्ल्ड कप की डिफेंडिंग चैंपियन टीम है। बेट्स ने संन्यास का फैसला लेते हुए कहा, जब मैं बीते 20 सालों को देखती हूं तो मुझे विश्वास ही नहीं होता कि समय कितना जल्दी बीत गया। मुझे बहुत गर्व है कि मैंने इतनी बार न्यूजीलैंड की जर्सी पहनी है और इस टीम के लिए एक बेहतर इंसान, साथी खिलाड़ी, क्रिकेटर और एथलीट बनने के लिए हर दिन प्रयास करने में मुझे अपार उद्देश्य और आनंद मिला है। मेरा एक अंतिम लक्ष्य है, ब्रिटेन जाना, एक ऐसी जगह जहां मेरी कई खास यादें बसी हैं और एक और विश्व कप जीतना।



## सचिन ने सैकड़ों फैंस के बीच काटा केक

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अपना 53वां जन्मदिन मनाया। सचिन को उनके जन्मदिन पर न सिर्फ क्रिकेट बल्कि समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोग भी बधाई दी। फैंस के दिल में राज करने वाले सचिन ने अपने जन्मदिन का केक फैंस के बीच काटा। सचिन ने अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर के साथ सैकड़ों फैंस के सामने केक काटा और फैंस की बधाइयों के लिए उनका शुक्रिया किया। इस अवसर पर उनके फैन के रूप में पहचान बनाने वाले सुधीर भी मौजूद थे। वह झंडा लहरा रहे थे और केक कटने के समय शंख बजा रहे थे। सचिन तेंदुलकर को उनके जन्मदिन पर उनके साथी खिलाड़ियों ने बधाई दी है। युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन मुबारक पाजी। आपके साथ मैदान साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात थी, लेकिन आपसे सीखना उससे भी बड़ी बात थी। आपका अनुशासन, विनम्रता और प्यार हम सभी के लिए एक मिसाल है। उन यादों और उस प्रेरणा के लिए धन्यवाद, जो आप आज भी हमारे लिए बने हुए हैं। ढेर सारा प्यार।





## सीडीआई हेगन में अनुष ने जीता रजत पदक



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने जर्मनी के हागेन में आयोजित प्रतिष्ठित सीडीआई हागेन ड्रेसाज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। उन्होंने अपनी अनुभवी घोड़ी फ्लोरियाना के साथ 70.94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अग्रवाला और फ्लोरियाना ने एक बेहद संतुलित, सधी हुई और प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने तकनीकी सटीकता, तालमेल और कलात्मक प्रस्तुति से अंतरराष्ट्रीय जजों को प्रभावित किया। अनुष अग्रवाला ने अपनी उपलब्धि पर कहा, सीडीआई हागेन का यह परिणाम फ्लोरियाना के साथ मेरी बेहतरीन साझेदारी का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि हमने अपने अभ्यास के अनुसार प्रदर्शन किया।

### प्रतियोगिता बिश्केक में 27 अप्रैल से 3 मई तक

# अंडर-18 आइस हॉकी टीम एशिया कप में लेगी हिस्सा



फाइल फोटो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*गुरतेज सिंह भट्टी की कप्तानी में भारतीय अंडर-18 आइस हॉकी टीम किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में 27 अप्रैल से 3 मई तक होने वाले अंडर-18 एशिया कप में हिस्सा लेगी। इसकी घोषणा शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ की ओर से की गई।*

*इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा मेजबान किर्गिस्तान, मंगोलिया, उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और मकाऊ (चीन) की टीमें भी प्रतिस्पर्धा करेंगी। भारतीय टीम में देवांश शर्मा और इफ्तिखार हुसैन को उप-कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है।*

*भारतीय महिला टीम ने 2025 में यूएई के अल ऐन में आयोजित आईआईएचएफ महिला एशिया कप में कांस्य पदक जीतकर इस खेल में देश का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया था। वहीं पुरुष टीम ने 2017 में आईआईएचएफ चैलेंज कप ऑफ एशिया डिवीजन एक में रजत पदक जीता था और हाल ही में 2025 एशियाई शीतकालीन खेलों में चीन के हार्बिन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।*

### देश में खेल तेजी से बढ़ रहा आइस हॉकी

भारतीय आइस हॉकी महासंघ के महासचिव हरजिंदर सिंह ने कहा, पिछला वर्ष भारतीय आइस हॉकी के लिए महत्वपूर्ण रहा, जिसने खेल को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि अब अंडर-18 टीम के पास खुद को साबित करने का अवसर है, जो बेहद उत्साहजनक है। हरजिंदर ने कहा, इस टीम में अलग-अलग राज्यों के खिलाड़ियों का शामिल होना दर्शाता है कि देश में खेल तेजी से बढ़ रहा है और यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों के भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाएगा।

## लक्ष्य को कड़े मुकाबले में करना पड़ा हार का सामना

# थॉमस कप : भारत ने कनाडा पर की शानदार जीत हासिल

एजेंसी ▸▸ होर्सेंस

लक्ष्य सेन को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा लेकिन आयुष शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की, जिससे 2022 के चैंपियन भारत ने थॉमस कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में कनाडा पर 4-1 से शानदार जीत हासिल की।

लक्ष्य सेन को शानदार प्रयास के बावजूद दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई से 18-21, 21-19, 21-10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जोनाथन बिंग त्सान लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया।



### आयुष ने यांग को हराकर दिलाई बढ़त

एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता 20 वर्षीय आयुष ने फिर दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी ब्रायन यांग को 39 मिनट में 21-13, 21-17 से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरी युगल जोड़ी हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन ने टाइ अलेक्जेंडर लिंडेमैन और नाइल याकुरा पर 21-7, 21-15 की शानदार जीत के साथ भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।


### लक्ष्य और लाई के बीच थकाने वाला मुकाबला

लक्ष्य और लाई के बीच थकाने वाला मुकाबला रहा, जिसने ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनल की याद दिलाई। लक्ष्य शुरुआत में नियंत्रण में दिखे, ने सटीक नेट प्ले और स्मैश से शुरुआती दौर में दबदबा बनाए रखा। हालांकि लाई को अंत में लय मिलनी शुरू हो गई। उन्होंने 14-18 के स्कोर से पिछड़ने के बाद अंतर कम किया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम जीतने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। लक्ष्य ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर लगातार दबाव बनाया। पर लाई ने शटल की गति कम करके लक्ष्य की लय बिगाड़ दी। लाई फिर बढ़त बनाने में कामयाब रहे, लक्ष्य ने स्कोर एक समय 19-19 से बराबरी हासिल की। पर लाई ने तुरंत एक तेज नेट विनर लगाया और दूसरा गेम जीत लिया।

### निर्णायक गेम में लाई का नियंत्रण

निर्णायक गेम में लाई ने शुरुआत में ही नियंत्रण बनाते हुए 4-1 की बढ़त बनाई और इसे बढ़ाकर 10-3 कर दिया। फिर उन्होंने स्कोर 16-8 तक पहुंचा दिया। आखिरकार उन्हें मैच जीतने के कई मौके मिले और जब लक्ष्य का शॉट कोर्ट से बाहर चला गया तो उन्होंने मैच जीत लिया। इस तरह उन्होंने बर्मिंघम में मिली हार का बदला ले लिया।

## पीएसए 'गोल्ड-लेवल' टूर्नामेंट: पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अभय



**नई दिल्ली।** भारत के अभय सिंह ने ज्यूरिख में खेले जा रहे 'ग्रासहॉपर कप' स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र के विश्व नंबर 13 अली अबू एलेइनिन को हराकर पहली बार पीएसए 'गोल्ड लेवल' की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज अभय दूसरे दौर के पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त एलेइनिन को 12-10, 11-9 से मात दी। इस महीने की शुरुआत में भी अभय ने मिस्र में आयोजित एल गूना ओपन में भी एलेइनिन को हराया था। अभय के सामने अब क्वार्टरफाइनल में मिस्र के विश्व नंबर चार करीम गवाड की चुनौती होगी। उन्होंने शुरुआती दौर में स्विट्जरलैंड के डेविड बेर्नेट को 11-9, 9-11, 11-8 से हराया था।




12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

Dr. Juneja's EYE Mantra®
Ayurvedic Eye Relief Drops

• Eye Strain • Eye Dryness • Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness

## शांति वार्ता के दूसरे दौर की संभावना बढ़ी

# ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने पाक विदेश मंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख आसिम मुनीर से फोन पर की बात, डेलीगेशन संग इस्लामाबाद पहुंच रहे

ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचने वाला है जिसके बाद अमेरिका के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर की संभावना जताई जा रही है। वार्ता को लेकर अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी सकारात्मक संकेत दिए हैं। इस बीच पाकिस्तान की राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है

### अमेरिका की लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा टीम पहले से ही इस्लामाबाद में मौजूद

### अमेरिका का भी सकारात्मक संकेत इस्लामाबाद में सुरक्षा कड़ी कर दी गई

एजेंसी ▶▶ तेहरान/वॉशिंगटन

ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचने वाला है जिसके बाद अमेरिका के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर की संभावना जताई जा रही है। वार्ता को लेकर अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी सकारात्मक संकेत दिए हैं। इस बीच पाकिस्तान की राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पाकिस्तानी सूत्रों ने बताया है कि ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल के इस्लामाबाद पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर की भी उम्मीद जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची एक छोटे वार्ता दल के साथ इस्लामाबाद पहुंच रहे हैं। सूत्रों ने यह भी बताया कि अमेरिका की एक लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा टीम पहले से ही राजधानी इस्लामाबाद में मौजूद है।



फाइल फोटो

### ईरान जंग में खर्च हुईं चीन के लिए रिजर्व मिसाइलें

## अमेरिका का मिसाइल स्टॉक खत्म होने के करीब हर दिन 90 अरब खर्च

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन डीसी

ईरान के साथ 38 दिन चले युद्ध में अमेरिका ने अपनी कई अहम और महंगी मिसाइलें खर्च कर दीं। इनमें वो मिसाइलें भी शामिल हैं, जो चीन जैसे बड़े देशों से होने वाले संभावित युद्ध के लिए संभालकर रखी गई थीं। अब अमेरिका का हथियार भंडार तेजी से कम हो रहा है। इस युद्ध में अमेरिका ने करीब 1100 लंबी दूरी की स्टील्थ मिसाइलें इस्तेमाल कीं। ये खास तौर पर चीन के खिलाफ



इस्तेमाल के लिए बनाई गई थीं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा टॉमहॉक मिसाइलें, 1200 से ज्यादा पैट्रियट मिसाइलें और 1000 से ज्यादा दूसरी स्ट्राइक मिसाइलें भी दागी गईं।

### ईरान युद्ध में अमेरिका को बड़ा झटका

## हर दिन युद्ध में फूंके 94 अरब रुपये

ईरान से जारी युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। दो स्वतंत्र समूहों का कहना है कि इस युद्ध पर अब तक करीब



28 अरब डॉलर से लेकर 35 अरब डॉलर के बीच खर्च हो चुके हैं। अमेरिका ने इस युद्ध पर हर दिन करीब 1 अरब डॉलर से कुछ कम खर्च किया है। यानी की अमेरिका ने युद्ध में हर दिन 94 अरब रुपए फूंक दिए। शुरुआती दो दिनों में ही सेना ने 5.6 अरब डॉलर के गोला-बारूद का इस्तेमाल कर दिया था।

#### 11 लाख डॉलर की मिसाइल का किया इस्तेमाल

*अमेरिकी सेना ने अपनी लगभग 1,100 'जॉइंट एयर-टू-सरफेस स्टैंडऑफ मिसाइल-एक्सटेंडेड रेंज' दाग दी हैं, जो कि अमेरिका के पास मौजूद कुल 1,500 मिसाइलों के जखीरे के बराबर हैं। इसकी एक मिसाइल की कीमत करीब 11 लाख डॉलर है।*

### ईरान का फिर ट्रंप पर तंज

## कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना

ट्रंप ने एक पोस्ट साझा किया था जिसमें भारत और चीन जैसे देशों को नरक जैसे देश कहा गया था। इस बयान के बाद भारत के मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर महाराष्ट्र की संस्कृति और पर्यटन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया और कहा कि ट्रंप को यहां की यात्रा सांस्कृतिक डिटॉक्स की तरह करनी चाहिए। पोस्ट में लिखा गया कि शायद किसी को ट्रंप के लिए एक वन-वे कल्चरल डिटॉक्स बुक कर देना चाहिए, जिससे उनका बिना मतलब का बयानबाजी कम हो सके। साथ ही लिखा गया कि कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना।

### ट्रंप ने फिर दिखाए तेवर, कहा

## ईरान के साथ समझौता तभी, जब वह अमेरिका के लिए उचित हो



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ कोई भी समझौता तभी होगा, जब वह अमेरिका के लिए 'उचित और लाभकारी' होगा। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अमेरिका के पास समय की कोई कमी नहीं है। लेकिन ईरान के पास कम समय है और समय तेजी से खत्म हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि युद्ध में अमेरिका को बढ़त मिली है और ईरान को भारी नुकसान हुआ है। ट्रंप ने कहा कि ईरान की नौसेना तबाह हो चुकी है। उसकी वायुसेना खत्म हो चुकी है और उसके रडार व एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट हो चुके हैं।

## अमेरिकी नौसेना का तीसरा युद्धपोत खाड़ी पहुंचा

अमेरिकी सेना का यूएसएस जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश विमानवाहक पोत पश्चिम एशियाई क्षेत्र में पहुंच गया है। इसके साथ ही इस इलाके में तैनात अमेरिकी विशाल युद्धपोतों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि यह कैरियर 23 अप्रैल को हिंद महासागर में उसके जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में संचालित हो रहा था। पोस्ट के साथ साझा की गई तस्वीर में एयरक्राफ्ट कैरियर के डेक पर बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान तैनात दिखाई दे रहे हैं।

## जापान का बड़ा कदम, 1 मई से 20 दिन तक अतिरिक्त तेल करेगा जारी



जापान सरकार ने घोषणा की है कि वह 1 मई से लगभग 20 दिनों तक अपने अतिरिक्त तेल भंडार को जारी करेगी। जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, दूसरी बार छोड़ने से 5.8 मिलियन किलोलीटर तेल निकलेगा, जिसकी कीमत 540 बिलियन येन (यूएसडी 3.4 बिलियन) है। 23 अप्रैल को जापान की पीएम नाए ताकाइची ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल-सऊद से फोन पर बात की और ईरान के हमलों से हुए जान-माल के नुकसान पर सऊदी अरब के साथ हमदर्दी जताई।

### भारतीय दूतावास ने दी सलाह


## ईरान की यात्रा न करें, भारतीय नागरिक देश छोड़ें

तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने ईरान में जारी क्षेत्रीय तनाव और उड़ान सेवाओं पर असर को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए अहम यात्रा परामर्श जारी किया है। दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिक फिलहाल ईरान की यात्रा न करें, चाहे वह हवाई मार्ग से हो या जमीनी रास्ते से। भारतीय दूतावास ने दोहराया कि ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिक जल्द से जल्द देश छोड़ने की प्रक्रिया शुरू करें।

### खबर संक्षेप

#### सेना प्रमुख द्विवेदी 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल

**वॉशिंगटन।** भारत के थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को



अमेरिका के पेनसिल्वेनिया स्थित यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के 'इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है। वह यह सम्मान पाने वाले जनरल वीके सिंह और जनरल बिक्रम सिंह के बाद तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं।

#### 40 साल से भारत में रह रहा पाकिस्तानी अरेस्ट

**बुलंदशहर।** थाना नगर कोतवाली पुलिस ने एक पाकिस्तानी नागरिक



को गिरफ्तार किया है। यह शख्स पिछले करीब 40 साल से भारत में अवैध रूप से रह रहा था। आरोपी की पहचान सैय्यद वासिद अली के रूप में हुई है। आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करा रखे थे।

### वॉशिंगटन के हडसन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित सम्मेलन में आरएसएस सरकार्यवाह होसबाले ने कहा

# हिंदू दर्शन और संस्कृति में विश्व एक परिवार की तरह, यह 'वर्चस्ववाद' का समर्थक नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में कहा कि अमेरिका में भारत के बारे में गलतफहमियों की तरह ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बारे में भी गलत धारणाएं हैं।

दशकों से जानबूझकर या अनजाने में अन्यथा किसी एजेंडा के तहत इस तरह की धारणा गढ़ी गई है कि आरएसएस एक हिंदू वर्चस्ववादी संगठन है या यह ईसाई विरोधी, अल्पसंख्यक विरोधी, विकास विरोधी और आधुनिकीकरण का विरोधी है। आरएसएस की सकारात्मक कार्यों को कभी उजागर नहीं किया गया।

### संघ के सकारात्मक कार्यों को नहीं दिखाया गलत छवि दिखाई

### इतिहास में हिंदुओं ने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया



#### भारत में आर्थिक वृद्धि और समृद्धि हो रहीः क्वात्रा

*अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि भारत में परिवर्तनों की प्राथमिक और मूल प्रेरणा उसका विकास और समृद्धि है और उन्होंने विश्व स्तर पर 'नियंत्रणकारी व्यवस्था' की वापसी को चिंता का कारण बताया।*

**समस्या सिर्फ एक पड़ोसी देश से**

*होसबाले ने कहा कि पड़ोसी देशों के बीच तनाव के कई कारण हैं, जिनमें वहां का राजनीतिक नेतृत्व भी शामिल है। समस्या सिर्फ एक पड़ोसी देश से है, जो भारत की कोख से जन्मा है। वह पड़ोसी देश तो बन गया है लेकिन कई लोग उस देश के पीछे हैं और समस्याएं पैदा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि गलतफहमियों को दूर करने के लिए अल्पसंख्यक समुदायों के साथ निरंतर संवाद महत्वपूर्ण है।*

#### आरएसएस एक जन स्वैच्छिक आंदोलन

हडसन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित 'न्यू इंडिया कॉन्फ्रेंस' में संवादात्मक सत्र के दौरान होसबाले ने आरएसएस को भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विचारधारा में निहित एक स्वयंसेवी आंदोलन के रूप में वर्णित किया। आरएसएस भारत के प्राचीन समाज की सांस्कृतिक नैतिकता और सभ्यतागत मूल्यों से प्रेरित एक जन स्वैच्छिक आंदोलन है जिसे सामान्यतः हिंदू संस्कृति के रूप में जाना जाता है।

#### हिंदू हर चीज में एकता देखते

लेखक वाल्टर रसेल मीड के साथ चर्चा के दौरान होसबाले ने कहा कि हम सजीव और निर्जीव, हर चीज में एकता देखते हैं। जब यही हिंदुओं का मूल दर्शन है, तो श्रेष्ठता का प्रश्न ही नहीं उठता। इतिहास में हिंदुओं ने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया है।

### संयुक्त राष्ट्र में भारत ने दोहराया

## सुरक्षा परिषद के ढांचे में तत्काल सुधार जरूरी, यह समय की मांग



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर दुनिया के विकासशील देशों का नेतृत्व करते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के ढांचे में व्यापक सुधार की पुरजोर वकालत की है। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठकों के दौरान भारत ने कहा कि वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में विकासशील देशों को उचित प्रतिनिधित्व मिलना अनिवार्य है।

सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने कहा कि सुरक्षा परिषद का वर्तमान स्वरूप आज की वास्तविकताओं से कोसों दूर है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के विस्तार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मांग की कि स्थायी सदस्यता की श्रेणी में विकासशील देशों और विशेषकर अफ्रीकी देशों को स्थान दिया जाए।

#### यूएन अध्यक्ष अगले हफ्ते आएंगी भारत

संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक अगले हफ्ते भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगी। यह जानकारी उनकी प्रवक्ता ला नीस कॉलिन्स ने दी। प्रवक्ताने बताया कि



भारत सरकार के निमंत्रण पर अपनी इस यात्रा के दौरान, बेयरबॉक भारतीय अधिकारियों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। वह भारत में संयुक्त राष्ट्र की टीम से भी मिलेंगी, जिसका नेतृत्व रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर स्टीफन प्रीसनर कर रहे हैं। यह भारत में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों की दूसरी उच्च-स्तरीय यात्रा है। बेयरबॉक पहले भी भारत की यात्रा कर चुकी हैं। जर्मनी की विदेश मंत्री के तौर पर अपनी एक यात्रा के दौरान उन्होंने भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की वकालत की थी। उस दौरान उन्होंने दिल्ली मेट्रो में भी सफर किया था।

### भारत की डेटा कावेरी सिस्टम्स और जापानी कंपनी के बीच एमओयू

## स्मार्ट सिटी और शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एआई आधारित विकास को मिलेगा बढ़ावा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और जापान के बीच एक नई साझेदारी के तहत अब निर्माण (कंस्ट्रक्शन) से जुड़े बड़े डेटा का उपयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित शहरी विकास के लिए किया जाएगा। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस से जुड़े डेटा प्लेटफॉर्म डेटाकावेरी सिस्टम्स और जापान की कंपनी वनस्ट्रक्शन इंक ने इस दिशा में एमओयू किया है।

#### निर्माण डेटा को एकत्रित करेंगे और सुरक्षित रखेंगे

फिलहाल, निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ा बड़ा डेटा अलग-अलग जगहों पर बिखरा रहता है और प्रोजेक्ट खत्म होने के बाद उसका इस्तेमाल नहीं हो पाता। इस साझेदारी का लक्ष्य इस डेटा को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से जोड़कर उपयोग में लाना है। दोनों संस्थान मिलकर स्मार्ट सिटी और शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एआई आधारित नए उपयोग विकसित करेंगे। निर्माण डेटा को आईयूडीएक्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने और संयुक्त फंडिंग के अवसर तलाशने पर भी काम होगा।

### कैनरी द्वीप में भारतीय नौसेना का ऐतिहासिक कदम

## 'लोकयान 26' के तहत सुदर्शनी पहुंचा लास पाल्मास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस सुदर्शनी 23 अप्रैल, 2026 को 'लोकयान 26' के तहत अपनी समुद्री यात्रा के दौरान स्पेन के लास पाल्मास पहुंचा। कैनरी द्वीप समूह में यह पड़ाव खास है, क्योंकि यह किसी भारतीय नौसैनिक पोत की इस द्वीप समूह की पहली यात्रा है। यह ठहराव पोत की महत्वाकांक्षी अटलांटिक पार यात्रा से पहले एक रणनीतिक विराम भी माना जा रहा है। कैनरी द्वीप समूह में आईएनएस सुदर्शनी का आगमन भारतीय नौसेना की वैश्विक पहुंच को दर्शाता है। यह पहली बार है जब कोई भारतीय नौसैनिक पोत इस क्षेत्र में पहुंचा है, जिससे भारत और स्पेन के बीच समुद्री संबंधों को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**स्पेन में पहली बार नौसेनिक मौजूदगी**

**समुद्री संबंधों को मिलेगी मजबूती**



#### नौसैनिक सहयोग और जनसंपर्क पर ध्यान

*इस प्रवास के दौरान पोत के कमांडिंग ऑफिसर स्पेनिश नौसेना अधिकारियों के साथ अहम वार्ताएं करेंगे। साथ ही, जनसंपर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से पोत को स्थानीय स्पेनिश नागरिकों और भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए भी खोला जाएगा, जिससे सांस्कृतिक और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा।*

#### कई देशों का दौरा कर चुका है पोत

जनवरी 2026 में कोच्चि से रवाना होने के बाद आईएनएस सुदर्शनी ओमान, मिस्र, माल्टा, फ्रांस और मोरक्को के बंदरगाहों का दौरा किया है। यह यात्रा भारत की समुद्री कूटनीति और वैश्विक संपर्क को मजबूत करने का अहम हिस्सा है। यह पोत लंबी अटलांटिक यात्रा पर निकलेगा और अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत आयोजित 'सेल 250' स्मारक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए कई अमेरिकी पोर्ट का दौरा करेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28